ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष 5, अंक 216, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 13

इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 14

## चार राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इनके चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है।

दिल्ली शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को ईडी ने दी थी चुनौती

## केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने दो तीन दिन को सुरक्षित रखा फैसला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।

इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है।

इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की अपील पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर कहा था कि जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। कल देर शाम आए इस आदेश के खिलाफ ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

## वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी के अलावा 12 अन्य स्थानों पर छापे की सूचना

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आर्थिक अनुसंधान शाखा ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए।

झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडक्ट झूला प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी की टीम पहले नाटी इमली स्थित दीनानाथ झुनझुनवाला के आवास पर पहुंची। दूसरी टीम उनके परिवार के ही महेश झुनझुनवाला के कार्यालय पर पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान दोनों स्थानों पर टीम कई घंटे मौजूद रही। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, जो उनके झूला ब्रांड से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।










## योग को वैश्विक भलाई के सशक्त माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

### जम्मू-कश्मीर से मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं बल्कि विज्ञान है

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आई छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।



लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से 25,93,276 को योग प्रतिज्ञा दिलाई

## योग शपथ अभियान में राजभवन ने बनाया विश्व कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- राजभवन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज
- गिनीज के प्रतिनिधि ने राज्यपाल को सौंपा प्रमाणपत्र

**अमृत विचार :** राजभवन ने योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान बना दिया। राजभवन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से राजभवन में 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाने से यह सफलता मिली। गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को राज्यपपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।

प्रदेश स्तर पर 12 जून से 18 जून 2024 तक संचालित योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान स्थापित होने पर राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी आयोजित हुआ। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि एडज्यूडीकेटर कुमारी आयनी तूरबली ने राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र देकर इसे एक अद्भुत व शानदार उपलब्धि बताई। राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड के लंदन व जापान स्थित कार्यालय से सराहना व्यक्त किए जाने की जानकारी दी। राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह दिया।

योग प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इन विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विवि बरेली, लखनऊ विवि, दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विवि प्रयागराज, डॉ भीमराव अंबेडकर विवि आगरा, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या व बुंदेलखंड विवि झांसी शामिल रहे।

### छात्र-छात्राओं के नियमित कराएं चिकित्सकीय जांच

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के नियमित रूप से चिकित्सकीय जांच कराने व गोद लिए गांव के प्रत्येक बेटी के एचपीवी टीकाकरण की पूरी जिम्मेदारी उठाने के निर्देश दिए। कहा कि टीम बनाकर सहभागिता से कार्य करें। इस क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से समर्थ पोर्टल के विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन की रिपोर्ट भी ली।

### एक नजर

#### बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में बीएसएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे। शुक्रवार को सुबह जंगल से कुमार का शव बरामद किया गया।

#### इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने हवाई अड्डे के निदेशक को धमकी भरा के ई-मेल भेजा।

## केजीएमयू समेत प्रदेश के 10 विवि डिफाल्टर घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित केजीएमयू (दंत), अटल बिहारी चिकित्सा विवि, टीएस मिश्र चिकित्सा विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर विवि, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विवि, प्रयागराज स्थित प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विवि, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि मथुरा, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस, सैफई शामिल है।

## प्रेमी युगल ने फंदे से लटककर दी जान

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- चचेरे-तहेरे भाई-बहन थे, परिवार ने लगा दी थी मिलने पर पाबंदी

**अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को प्रेमी युगल ने फंदे से लटक कर जान दे दी। दोपहर तीन बजे दोनों के शव भूसा रखने वाले टिनशेड में बल्ली के सहारे लटके मिले। दोनों रिश्ते में चचेरे-तहेरे भाई-बहन थे।

थाना परौर के एक गांव की 18 वर्षीय युवती के संबंध रिश्ते में चचेरे भाई से हो गए। दोनों के प्रेम संबंधों से परिजन अनजान थे। कुछ माह पहले गांव में चर्चा आम हुई तो परिजन सन्न हो गए और दोनों के मिलने पर पाबंदी लगा दी। युवक के परिजनों ने उसकी चार माह पहले शादी कर दी कि संबंध समाप्त हो जाएंगे लेकिन दोनों चोरी-छिपे मिलते रहे। प्रेमी युगल ने शुक्रवार को मौत को गले लगाने का फैसला ले लिया। युवती के मकान से कुछ दूरी पर टिनशेड के नीचे भूसा रखा जाता है, दोनों के शव टिनशेड में बल्ली से लटके मिले। युवती का गला दुपट्टे से कसा था तो युवक रस्सी से लटका था। परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

## पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली जल संकट



- आरोप, दिल्ली को पानी नहीं दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

नीट-यूजी विवाद — याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार

## काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी




- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। शीर्ष अदालत ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है। पीठ ने कहा हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। आपको बीच में रोकने को अन्यथा न लें। काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं है। यह एक प्रक्रिया है तो 6 जुलाई से शुरू हो रही है। जब पीठ ने काउंसलिंग के पहले दौर की अवधि के बारे में पूछा, तो मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा कि यह लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। पीठ ने काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से इनकार करते हुए कहा कि एनटीए, केंद्र और अन्य उत्तरदाताओं की ओर से पेश अधिवक्ता दो सप्ताह के भीतर याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। पीठ ने एनटीए को कुछ निर्देश देने का अनुरोध करने वाले एक अलग आवेदन पर भी विचार किया। आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि एनटीए ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है।

### संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** एनटीए ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा 2024 को स्थगित कर दिया है। परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। एनटीए की ओर से बताया गया है कि लॉजिस्टिक कारणों से परीक्षा स्थगित की जा रही है। साथ ही कहा गया है कि इस परीक्षा की नई तारीख बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। एनटीए ने नए अपडेट के लिए अभ्यार्थियों के आधिकारिक वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी है।

## एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नागरिक पुलिस भर्ती

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

**अमृत विचार :** नागरिक पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्फ दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था। एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

### प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

# पारस्परिक स्थानांतरण में 28 शिक्षकों को मिलेगी गैरजनपद में तैनाती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लंबे इंतजार के बाद शुरू हुई अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत जनपद में 28 शिक्षक आएंगे और 28 शिक्षक ही यहां से स्थानांतरित होकर जाएंगे। इसे लेकर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में सुबह से ही भीड़ उमड़ रही है।

करीब 20 से अधिक शिक्षकों के अभिलेख मिलान करने के बाद रिलीव आदेश जारी कर दियाा गया।

शासन ने घर से दूर गैर जनपदों में नौकरी करने वाले बेसिक के शिक्षकों को अपने घर के पास जाने का मौका देते हुए अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू की थी। जिसके बाद जिले में प्रक्रिया शुरू हुई और आवेदन मांगे गए थे। इस प्रक्रिया में जनपद के 28 शिक्षकों ने तबादले के लिए आवेदन किए। नियम है कि आवेदन करने वाले शिक्षक अपने पारस्परिक तबादले में अपने स्थान पर दूसरे शिक्षक को तलाश करके देना होता है। तभी उसका रिलीव आदेश जारी होता है।

शुक्रवार को भी दिन भर कार्यालय में भीड़ लगी रही। जहां कई शिक्षकों के अभिलेख मिलान करने के बाद आदेश जारी किया गया। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया जिले से पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया में 28 आवेदन मिले थे। जिनकी पड़ताल करने के बाद उनका रिलीव आदेश जारी किया जा रहा है। साथ ही आने वाले शिक्षकों को तैनाती दी जा रही है।

## करें योग रहें निरोग




**पांच हजार लोगों ने स्टेडियम में किया योगाभ्यास**

गांधी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिहं औलख, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व अन्य।




## चाकू से वार कर किया लहूलुहान

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली के रहने वाले साजिद खान ने बताया कि वह बीते दिनों गाजी कमाल शाह की मजार पर कुल शरीफ में गए थे। वहां भीड़ अधिक होने के कारण उसका पैर धोखे से मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी के रहने वाले अतीक के पैर में लग गया। इतनी सी बात पर आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब धोखे से पैर लगने की बात कही तो मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने अपने साथी शाहरुख और अतीक के साथ मिलकर मारपीट की। चाकू से वार करके घायल कर दिया। जिसमें आंख के पास चोट लगी। चीखपुकार सुनकर लोग मौके पर एकत्र हो गए। इस पर आरोपी शाहरुख, अतीक और सैफ जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## चेयरमैन ने जितिन और बीएल वर्मा से की मुलाकात

**पूरनपुर :** चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा से मुलाकात कर बधाई दी और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्हें समस्याओं का शीघ्र निदान करने का आश्वासन मिला है।

# पोर्टल पर की शिकायत का फर्जी निपटारा कर रही पुलिस

संवाददाता, बिठौराकलां

- **जनसेवा केंद्र संचालक पर खाते से 16 हजार उड़ाने पर भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप**
- **पीड़ित बोला- कई बार की शिकायत, पुलिस मुख्यमंत्री पोर्टल भी लगाती रही गलत आख्या**

**अमृत विचारः** सूबे के मुखिया ने लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए पोर्टल की सुविधा दी। लेकिन जिम्मेदार मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज की जाने वाली शिकायतों का भी फर्जी निस्तारण कर वाहवाही लूटने में लगे हैं। मामला एक जनसेवा केंद्र संचालक द्वारा धोखाधड़ी करके एक बुजुर्ग के खाते से 16 हजार रुपये निकालने का है। पीड़ित का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल सका। उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कई बार शिकायत की लेकिन हर बार पुलिस ने गलत आख्या लगा दी। पीड़ित ने अब एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया जमुनिया के रहने वाले टीकाराम ने एसपी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। गांव में ही एक जनसेवा केंद्र है। कुछ माह पूर्व जरूरत पड़ने पर वह जनसेवा केंद्र पर रुपये निकालने के लिए गए थे। वहां मौजूद युवक ने तीन-चार बार अंगूठा लगवाया और कहा कि मशीन में पीड़ित का अंगूठा निशान नहीं आ पा रहा है, इसलिए रुपये नहीं निकल सकते। इसके बाद धोखाधड़ी करके 16 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बारे में पूछनेपर कहा कि खाते में ढाई हजार रुपये कट गए हैं और साढ़े तेरह हजार रुपये ही बाकी बचे हैं। यह कहकर दुकान पर रखे रजिस्टर में अंगूठा लगवा लिया। जब बैंक में खाते का स्टेटमेंट निकालने गए तो पता चला कि खाते से 16 हजार रुपये निकाले गए हैं। रुपये मांगने पर आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। इसकी कई बार शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी है। ये भी आरोप लगाया कि 22 मई को उसने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी। इस पर एक दरोगा ने धमकाया। 31 मई को एक प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी भेजा लेकिन आरोप है कि थाना पुलिस ने उसमें भी गलत आख्या लगा दी। पूरे मामले की जांच करकर कार्रवाई की मांग की है।

## हाइड्रोग्राफी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुति दिखाती छात्रा।

**पीलीभीत, अमृत विचारः** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें हाइड्रोग्राफी के बारे में विस्तार से बताया। अंशिका तिवारी, रिया कश्यप, लक्षिता, अक्षिता और आस्था ने प्रस्तुतियां दी। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया हर साल 21 जून को विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस मनाया जाता है। यळ हाइड्रोग्राफी विज्ञान की वह विधा है जो हमें महासागरों, समुद्र,नदियों, झीलों आदि के बारे में जानने में मदद करती है। 2024 विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस की थीम है हाइड्रोग्राफिक इनफॉरमेशन एनहांसिंग सेफ्टी, एफिशिएंसी एंड सस्टेनेबिलिटी इन मरीन एक्टिविटीज। कार्यक्रम में अमित शर्मा, गुंजन पांडे, रामविलास का योगदान रहा।




## होमगार्ड समिति ने प्याऊ लगाकर बांटा शर्बत

**बीसलपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश होमगार्ड समिति की ओर से शुक्रवार को प्याऊ लगाया गया। पीलीभीत मार्ग पर बालाजी गर्ल्स स्कूल के पास लगाए गए प्याऊ में मीठा शरबत और शीतल जल बांटा गया। जिसे पीकर राहगीरों ने राहत महसूस की। सुबह दस बजे शाम चार बजे तक सेवा चली। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## सुमित का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** कस्बे के रहने वाले अमित श्रीवास्तव पुत्र अरविंद श्रीवास्तव और सुमित(18) पुत्र रामनाथ श्रीवास्तव आपस में रिश्तेदार थे। काम के सिलसिले में गुरुवार को पूरनपुर जा रहे थे। कल्याणपुर के पास पहुंचते ही कार ने टक्कर मार दी और सुमित की मौत हो गई थी। जबकि अमित गंभीर रुप से घायल हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। इकलौते पुत्र की मौत पर परिवार वालों का रोकर बुरा हाल था। मृतक ने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। परिनजों ने शुक्रवार को सुमित के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जबकि घायल को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

## प्रधान पति को जान से मारने की दी धमकी

**गजरौला।** प्रधान पति को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बा गजरौला कलां मुस्तकिल के प्रधान पति नेमचंद वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। फोन करने वाले ने जैसी है फोन रिसीव किया उसने गाली गलौज करना शुरू कर दी। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देकर आरोपी ने कॉल कट कर दी। इधर, बताते हैं शिकायत मिलने पर कॉलर को पुलिस ने जांच के लिए बुलाया लेकिन वह पहुंचा ही नहीं। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।












शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी।

38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## नगर पालिका के संपत्ति लिपिक और पूर्व संपत्ति लिपिक से मांगा जमीन और दुकानों का विवरण

# चेयरमैन को गड़बड़ी का शक....संपत्ति का पता लगाने को मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर में नगरपालिका की जमीन पर अफसरों और कर्मचारियों की साठगांठ के चलते कई जगह अवैध कब्जे कर लिए गए। वहीं कई जगहों पर अतिक्रमण किया हुआ है। जिसका रिकॉर्ड वर्तमान में नगरपालिका के पास नहीं है।

इस पर नगरपालिका चेयरमैन की ओर से नजूल लिपिक और पूर्व नजूल को बुलाकर उनसे रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ताकि नगरपालिका को अपनी संपत्ति का ब्योरा मिल सके। साथ ही मोहल्ला इनायतगंज के पास खाली पड़ी पालिका की जमीन को लेकर भी जांच चल रही है। जिस पर लोगों ने कब्जा किया हुआ है। शहर में 10 किलोमीटर के दायरे में बसे इस शहर में नगरपालिका की करीब 412 दुकानें हैं। इनमें नगरपालिका की 161 और 251 ड्रमंडगंज ट्रस्ट की हैं। दशकों पहले नगरपालिका की ओर से नीलाम करते हुए दुकानों को किराये पर दिया गया था। लेकिन आज भी कई ऐसी दुकानें हैं। जिनका किराया वर्तमान स्थिति को देखते हुए नामात्र है। चार साल पहले एक युवक के द्वारा ड्रमंडगंज ट्रस्ट की दुकानों के गबन को लेकर शिकायत भी की गई थी।

शिकायत के बाद जब पड़ताल कराई गई। जिसमें दुकानों का एग्रीमेंट होना नहीं पाया गया था। जिससे स्टांप चोरी मानते हुए कर्मचारी पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई भी की गई थी। जिसके बाद पटल परिवर्तन कर दिया गया। इसके बाद मामला जस का तस बना रहा। नगरपालिका की शहर में कई स्थानों पर जगह खाली पड़ी हुई है। जैसे गांधी स्टेडियम के पीछे, जीवनरेखा के सामने, एलएच शुगर फैक्ट्री रोड, मेस्टर्न लाइब्रेरी, नकटदाना चौराहा, आवास विकास समेत कई स्थानों पर नगरपालिका की संपति में दर्ज है। मगर चंद कर्मचारियों की मिलीभगत से इनमें से अधिकतर संपत्तियों पर अवैध कब्जे हो रखे हैं। किसी ने फड़ लगाकर कब्जा किया हुआ है तो किसी ने दुकान ही बना ली है।

आलम यह है कि नगरपालिका की दुकानों में भी सिकमी किरायेदार को रुपये लेकर बैठा रखा है। अब संपत्ति को लेकर मिलने वाली शिकायतों पर चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने सख्त रुख अपनाया है। शहर में पालिका की दुकानों व अन्य सभी संपत्तियों का सर्वे कराने की योजना बना रहे हैं। सर्वे के तहत देखा जाएगा कि पालिका की संपत्ति पर क्या वास्तव में उतना ही कब्जा है, जितना कागज में दिया हुआ या उससे अधिक तो नहीं है। इसके अलावा देखा जाएगा कि किराए पर दी गई संपत्ति पर वास्तव में मालिक का कब्जा है या मालिक ने अवैध रूप से अन्य किसी व्यक्ति को कब्जा दिया हुआ है। सर्वे के बाद सामने आने वाली रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका अफसर नोटिस जारी करने की कार्रवाई करेंगे। तो वहीं मोहल्ला इनायतगंज में दशकों से पहले नगरपालिका करीब 400 गज जगह को लेकर भी कब्जे की बात सामने आसने पर जांच कराई जा रही है। नजूल लिपिक के साथ टैक्स के कमलेश सिंह को भी सर्वे में लगाया गया है।



नगर पालिका भवन।

- मोहल्ला गोपाल सिंह में भी पालिका की जमीन पर है अवैध कब्जा, कराई जा रही जांच

> नगरपालिका की संपत्ति का पता लगाने के लिए रिकॉर्ड मांगा गया है। इसके लिए सर्वे कराया जाएगा। अवैध कब्जे भी खाली कराए जाएंगे। मोहल्ला इनायतगंज में भी नगरपालिका की संपत्ति होने की बात सामने आई है। जिसकी जांच कराई जा रही है। – डॉ. आस्था अग्रवाल चेयरमैन नगरपालिका

## मंगल बाजार गई किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मंगल बाजार गई एक किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री किसी से फोन पर बातचीत करती है। जिस कारण उसने एक बार मोबाइल पकड़ लिया था और डांट फटकार लगाई थी। उक्त मोबाइल नंबर गांव के ही अन्ने का निकला था। 18 जून 2024 को उसकी पुत्री दोपहर साढ़े 12 बजे दिन में मंगल बाजार गई थी। रास्ते से उसे बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अन्ने भगा ले गया है। उसने काफी तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### एसओ माधोटांडा समेत 12 दरोगाओं का तबादला

**पीलीभीत।** बरेली रेंज के आईजी डॉ.राकेश सिंह ने जनपद में कार्यकाल पूरा होने पर माधोटांडा एसओ अचल कुमार और घुंघचाई एसओ विशेष कुमार समेत 12 दरोगाओं को गैर जनपद स्थानांतरित किया है। आईजी डा. राकेश सिंह की ओर से जारी आदेश में उपनिरीक्षक रूपेन्द्र नाथ मिश्रा को बरेली, विशेष कुमार को शाहजहांपुर, तस्दीक खां को बरेली, संजीव कुमार को बदायूं, रणजीत सिंह को बदायूं, हनुमान यादव को बदायूं, दीपचंद को बरेली, अचल कुमार बरेली, आदित्य सिंह शाहजहांपुर, मोहित कुमार बरेली, यशवीर सिंह व परमजीत कौर को बरेली स्थानांतरित किया गया है। जबकि उनके स्थान पर जोन से 32 दरोगाओं को पीलीभीत भेजा गया है।

### ससुरालियों पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**दियोरियाकलां।** विवाहिता ने ससुरालियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव मधवापुर की रहने वाली विनीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति प्रभात कुमार, सास शोभारानी, ननद प्रियंका आए दिन गाली गलौज करते हैं। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। गुरुवार को भी आरोपियों ने मारपीट की। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# छात्रा के परिजन को टरकाना पड़ा महंगा एसपी ने पूरनपुर कोतवाल को किया सस्पेंड

## पीलीभीत से जेएनएम की छात्रा को अगवा कर लखीमपुर खीरी में कार से फेंके जाने का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत से अगवा की गई जेएनएम छात्रा प्रकरण में पूरनपुर कोतवाल को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई एसपी ने छात्रा के परिजनों से वार्ता करने के बाद की है। बताया जा रहा है कि बेटी के लापता होने के बाद उसके पति समेत अन्य परिवार के सदस्य पूरनपुर कोतवाली पहुंचे थे। यहां कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने उनको टरका दिया था। एसपी की कार्रवाई से पुलिस विभाग में खलबली मची रही।

मूल रुप से थाना सेहरामऊ उत्तरी की जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा कई सालों से परिवार संग सुनगढ़ी क्षेत्र में रहती थी। 12 जून की शाम को वह असम चौराहा से वाहन में सवार होकर पैतृक गांव जाने को निकली और लापता हो गई थी। 14 जून को सेहरामऊ उत्तरी थाने में पिता से मिली सूचना पर गुमशुदगी दर्ज की गई। इसके बाद 19 जून को लापता छात्रा लखीमपुर में बदहवास हालत में मिली। बताते हैं कि उसे कार सवार लखीमपुर -सीतापुर फोनलेन पर चिमनी गांव के पास फेंककर भाग गए थे। सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताई गई थी। लखीमपुर खीरी के बाद छात्रा को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। गुरुवार को आईजी डॉ.राकेश सिंह भी पीलीभीत पहुंचे थे। पुलिस की तीन टीमें इस पूरे प्रकरण की छानबीन कर रही है। इधर, इस मामले में परिवार के सदस्य शुरु से ही थाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे थे। एसपी अविनाश पांडेय ने छात्रा के पिता समेत अन्य सदस्यों से वार्ता की। जिसमें सामने आया कि बेटी के लापता होने के बाद जब वह गुहार लगाने के लिए 13 जून को पूरनपुर कोतवाली गए थे। परिजनों ने बेटी के अचानक लापता होने पर अनहोनी की आशंका भी जताई गई थी। बावजूद प्रकरण को गंभीरता से लेने के बजाय पूरनपुर पुलिस ने न तो कोई कार्रवाई की न ही छात्रा की सुरागरसी को कदम उठाए। इस प्रकरण को टालने पर जोर दिया। उसी के बाद पीड़ित पक्ष ने सेहरामऊ उत्तरी थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसे अपहरण की धाराओं में तरमीम कर दिया गया है। टीमें लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर आदि में दबिश देकर सुरागरसी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का वर्कआउट किया जाएगा। एसओ सेहरामऊ उत्तरी रूपा बिष्ट का कहना है कि टीमें जांच कर रही है।

- छात्रा के परिजनों की शिकायत संज्ञान में लेकर की गई कार्रवाई तीन टीमें सुरागरसी में जुटी


खीमपुर से पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में र्ती कराई गई छात्रा का आईजी ने जाना हाल

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### एक-एक बिंदु पर अफसरों की निगरानी में पड़ताल

छात्रा के मामले में पुलिस की तीन टीमें सुरागरसी कर रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अफसर खुद कमान संभाले हुए हैं। गुरुवार को एएसपी विक्रम दहिया अन्य अधिकारियों संग पूरनपुर कोतवाली में जमे रहे। टीमों से अपडेट ली जाती रही। छात्रा किस वाहन से असम चौराहा से पूरनपुर पहुंची और उसके बाद की पूरी घटना का सच जानने के लिए एक-एक बिंदु पर गहनता से पड़ताल चल रही है। हालांकि अभी कोई भी जिम्मेदार खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। सिर्फ जांच जारी होने और जल्द खुलासा करने की बात कही जा रही है।

### छात्रा की हालत में पहले से सुधार, चल रहा इलाज

पीड़ित छात्रा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों की टीमें लगी हुई हैं। उसके स्वास्थ्य में पहले से काफी सुधार भी हुआ है। पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ.संजीव सक्सेना ने बताया कि हमारी टीमें लगी हुई है। मरीज की हालत में पहले से काफी सुधार हुआ है। जल्द ही हालात सामान्य हो जाएगी।

### खुलासे के नजदीक पहुंची पुलिस, मिले सुराग

छात्रा के मामले में आईजी डॉ.राकेश सिंह ने पीलीभीत पहुंचकर गुरुवार को जानकारी जुटाई थी और जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे। इसके बाद से टीमें और तेजी से पड़ताल में जुट गई थी। बताते हैं कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने कई बिंदुओं पर पड़ताल की और खुलासे के नजदीक पहुंच गई है। कई अहम सुराग पुलिस को मिल गए हैं। कुछ करीबियों पर शक गहराने के बाद पुलिस ने उनसे भी पूछताछ शुरू कर दी है, जल्द ही पुलिस घटना का वर्कआउट करेगी।

## एसओजी ने अब कुसुमा गांव के युवक को पकड़ा

संवाददाता, खुटार

- पूर्व सभासद को घर से उठाने के बाद गुरुवार देर रात एक युवक के घर पर की छापेमारी
- परिजनों से पूछताछ के एसओजी युवक को साथ ले गई पीलीभीत एक टीम अभी खुटार में डटी

**अमृत विचार:** जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा का अपहरण करने के मामले में पीलीभीत की एसओजी टीम ने पूर्व सभासद के घर छापेमारी करने के बाद कुछ समय बृहस्पतिवार देर रात खुटार के गांव कुसुमा तिकुनियां में रहने वाले युवक के घर दबिश दी। यह देख परिवार में खलबली मच गई। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया और उसको आपने साथ लेकर चली गई। सूत्रों की मानें तो सभासद से पूछताछ के बाद युवक के घर दबिश दी गई थी। एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम अभी भी खुटार में डेरा डाले हुए है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी की पुलिस ने गुमशुदगी को अपहरण में दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में गहनता से जांच चल रही है। जनपद पीलीभीत की जेएनएम की छात्रा का अपहरण कर लिया गया था और वह 12 जून से लापता चल रही थी। घटना के बाद परिजनों ने थाना सेहरामऊ उत्तरी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 19 जून की सुबह कार सवार एक महिला, तीन पुरुष छात्रा को जनपद लखीमपुर खीरी-सीतापुर के गांव चिमनी के सड़क किनारे फेंककर चले गए थे। लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गंभीर हालत में छात्रा को खीरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पूछताछ में उसने अपना पता बताया था। 20 जून को पीलीभीत एसओजी टीम खुटार थाने पहुंची थी और पुलिस के साथ नगर के एक मोहल्ला के पूर्व सभासद के घर छापेमारी की थी। एसओजी टीम ने पूर्व सभासद से पूछताछ की। कुछ सुराग लगने की आशंका से उसे साथ ले गई। इसके बाद गुरुवार देर रात एसओजी टीम ने खुटार के गांव कुसुमा तिकुनियां के रहने वाले युवक के घर दबिश दी। परिजनों से पूछताछ के बाद युवक को साथ लेकर चले गए। इस घटना से खलबली मची हुई है।

## सीओ दफ्तर का कर्मचारी बताकर मांगे पांच हजार

संवाददाता, घुंघचिहाई

- 20 जून को दर्ज कराई रिपोर्ट में दी धारा बढ़ाने की जानकारी

**अमृत विचार:** एक दिन पूर्व दर्ज कराई गई मारपीट की रिपोर्ट में धाराएं बढ़ाने का हवाला देते हुए महिला से ठगी करने की कोशिश की गई। खुद को सीओ कार्यालय का कर्मचारी बताकर एक नंबर से कॉल की गई और महिला से ऑनलाइन पांच हजार रुपये जमा करने का दबाव बनाया गया। महिला ने रुपये तो जमा नहीं किए। मगर मामले की शिकायत थाना पुलिस से कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर कसगंजा की रहने वाली रेखा देवी पत्नी नेकीराम ने बताया कि वह वर्तमान में दिल्ली रहती हैं। वर्ष 2016 में उनके पिता हरिबाबू ने पीड़िता के नाम एक प्लाट की वसीयत कराई थी। जिसमें वर्तमान में दुकानें बनी है। 20 जून को गांव गई थी। इस बीच कुछ लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 21 जून को एक अज्ञात व्यक्ति की काल आई। उसने खुद को सीओ कार्यालय का कर्मचारी बताया। कहा कि दर्ज कराई रिपोर्ट में धाराएं बढ़ा दी गई हैं। दो घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी। इसके एवज में पांच हजार रुपये ऑनलाइन जमा करने को कहा। शक होने पर पीड़िता ने रुपये नहीं भेजे। इसके बाद कई कॉल आई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जनसेवा केंद्र संचालिका को भेजे अश्लील मैसेज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जनसेवा केंद्र संचालिका से फोन कर एक युवक ने अश्लील मेसेज और बात शुरु कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने बताया वह जनसेवा केंद्र चलाती है। उसका एक रिश्तेदार फोन करके अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर गाली देते हुए उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। इसकी रिकार्डिंग भी मौजूद है। उसने पूर्व मे 26 जनवरी को एक रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। मगर गिरफ्तारी न होने के कारण उसके हौसले बुलंद हैं। अब आरोपी अलग अलग नंबरों से कॉल व मैसेज करअश्लील भाषा का प्रयोग कर धमकी दे रहा है। सुनगढ़ी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# डॉक्टर बोले-डेढ़ माह पहले ही छोड़ दी थी ओपीडी

संवाददाता, पूरनपुर

- एमओआईसी ने सीएमओ को भेजी रिपोर्ट, कार्रवाई का इंतजार
- निजी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत के बाद पति के दम तोड़ने का मामला

**अमृत विचार:** निजी नर्सिंग होम में महिला की मौत के मामले में आखिरकार कार्रवाई को गति मिल ही गई। निजी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत मामले में ओपीडी करने वाले तीन डाक्टरों ने जांच अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज किए। इसमें सामने आया कि एक डॉक्टर ने तीन महीने पहले ही करार खत्म कर दिया था। अन्य दोनो डॉक्टरों ने भी क्लीनिक से किसी प्रकार का संबंध न होने की बात कही। एमओआईसी ने जांच रिपोर्ट तैयार करके सीएमओ को भेज दी है। फिलहाल डॉक्टरों के बयान के बाद इस मामले में फंसे संचालकों की मुश्किल बढ़ती दिखाई दे रही है।

कस्बे के कोतवाली रोड पर स्थित रामा नर्सिंग होम में प्रसव के लिए भर्ती कराई गई सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम पिपरा मुजफ्ता की रहने वाली प्रसूता रीता देवी ने ऑपरेशन के बाद एक बेटे को जन्म दिया था। आरोप है कि गलत ऑपरेशन से प्रसूता की मौत हो गई। इसके बाद भी जिंदा बताकर संचालकों ने रेफर कर दिया। गुस्साए परिवार वालों ने नर्सिंग होम के बाहर शव रखकर हंगामा किया था। जिसके बाद नर्सिंग होम सील कर दिया था। मृतका के पति नन्हेलाल की ओर से संचालक योगेश वर्मा, हिमांशु बाजपेई और आरपी राठौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पत्नी की मौत के 36 घंटे बाद ही पति नन्हेलाल की भी मौत हो गई थी। मृतक नन्हें लाल की मां गंगा देवी ने गुरुवार को पूरनपुर कोतवाली में तहरीर देकर सुलह का दबाव बनाते हुए धमकाने का आरोप लगाया था। इधर, स्वास्थ्य विभाग की जांच गति नहीं पकड़ पा रही थी। इस मामले में अब शुक्रवार को रामा नर्सिंग होम में सेवाएं देने वाले डॉक्टर ऋषभ, डॉ अभिनव पांडे और डा. मुनिता सिंह ने सीएचसी पहुंचकर जांच अधिकारी डा.अनिकेत गंगवार के पास बयान दर्ज कराए। डॉ.ऋषभ ने बताया कि बीते अप्रैल माह में ही उन्होंने अस्पताल में ओपीडी करने का अपना एग्रीमेंट खत्म कर दिया था। उनकी सरकारी जॉब लग चुकी है। उनका इस अस्पताल से कोई मतलब नहीं है। इसके अलावा अभिनव पांडे और डॉक्टर मुनीता सिंह ने भी रामा नर्सिंग होम से किसी प्रकार का कोई संबंध न होने की बात कही। डॉक्टरों के इस बयान के सामने आने के बाद क्लीनिक संचालकों की मुसीबत और बढ़ गई है। बता दें कि बयान दर्ज करने वाले तीनों डॉक्टर के नाम अभी भी रामा नर्सिंग होम के बाहर बोर्ड पर लिखे हुए हैं। फिलहाल रिपोर्ट सीएमओ को भेज दी गई है।


पत्नी की मौत के सदमे में पति ने दम तोड़ा, एक चिता पर अंतिम संस्कार


यह कैसी जांच, मियाद पूरी होने पर भी नोटिस का जवाब नहीं

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार

### पिपरा मुजप्ता की तीन आशाओं का रोका मानदेय

रामा नर्सिंग होम में रीता देवी की मौत के मामले में भले ही जांच उच्च स्तर पर धीमीगति से चल रही हो लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने पिपरा मुजप्ता में तैनात आशा माधवी, कमलेश और शकुंतला पर सख्त कारवाई की है। रीता देवी के प्रसव को लेकर लापरवाही बरतने पर तीनों आशाओं का मानदेय जांच पूरी होने तक रोक दिया है। इसके अलावा पड़ोस के गांव माती की रहने वाली मीना देवी पर रीता देवी को सीएचसी से नर्सिंग होम ले जाने का आरोप है। एमओआईसी ने मीना देवी का मानदेय भी रोक दिया है। जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

> इस मामले में रामा नर्सिंग होम में जिन डॉक्टरों के सवाएं देने की बात कही जा रही थी, उन तीन डॉक्टरों ने बयान दिया है। मामले की रिपोर्ट तैयार करके सीएमओ को भेज दी गई है। – डॉ.अनिकेत गंगवार, सीएचसी अधीक्षक पूरनपुर/जांच अधिकारी

# पुलिस पर नींव खुदवाने का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर

- एक समुदाय के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** एक समुदाय के लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर धार्मिक स्थल बनाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आरोप है विरोध करने पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें धमकाया। लोगों ने निर्माण रुकवाकर माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। गांव मुझा खुर्द के दर्जनों लोग शुक्रवार शाम तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा गया कि गांव में कुछ लोग नई परंपरा डालकर धार्मिक स्थल का निर्माण कर रहे हैं। जिस जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है।वह ग्राम समाज की है। आरोप है कि शुक्रवार को हल्का लेखपाल, उपनिरीक्षक और हेड कांस्टेबल गांव पहुंचे और नींव खुदवाने लगे। जानकारी लगने पर जब लोग मौके पर पहुंचे और नई परंपरा डालने का विरोध किया तो आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने धमकाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत करने वालों में मोहम्मद अरबाज खान, तस्लीम खान, रफत खान, मोहम्मद कासिम खान, फिरोज खान, अल्ताफ, वसीम खान आदि थे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### पक्की तूदाबंदी उखाड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** खेत पर कराई गई पक्की तूदाबंदी उखाड़ने के आरोप में एक ग्रामीण पर रिपोअर् दर्ज की गई है। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ग्राम रोहनिया के वसीमुल्ला ने बताया कि उसने अपनी जमीन पपर तूदाबंदी तत्कालीन उप जिलाधिकारी के आदेश पर 30 जून 2016 को कराई थी। 17 मार्च को तूदाबंदी पक्की करा दी गई। आरोप है कि गांव के रियासत ने तूदाबंदी उखाड़ कर फेंक दी। जब विरोध किया तो मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने किया था सुसाइड

संवाददाता, बरखेड़ा

- मृतक की मां से मिली तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार:** दोस्तों के साथ बरेली से लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अब कानूनी कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे से लटकने से मौत की पुष्टि होने पर मृतक की मां ने कस्बे के ही एक युवक पर रुपये के लेनदेन के पुराने विवाद में खुदकुशी को विवश करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

कस्बे के वार्ड नंबर नौ की मीरा देवी का 27 वर्षीय पुत्र अंकित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह 17 जून की दोपहर कस्बे के रहने वाले दोस्तों के साथ बरेली गया था। देर शाम वापस आने के बाद उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें अंकित की मौत फंदे से लटकने से होने की पुष्टि हुई थी। अब इस मामले में मृतक की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें पप्पी उर्फ विकास सक्सेना को आरोपी बनाया है। महिला का कहना है कि उसके बेटे अंकित का रुपये का विवाद आरोपी से चल रहा है। इसी के चलते आरोपी लगातार उनके बेटे को प्रताड़ित कर रहा था। इसकी वजह से अंकित डिप्रेशन में रहता था। 17 जून की रात प्रताड़ना से आहत होकर अंकित ने घर पर ही फंदा लगाकर जान दे दी। बेटे का अंतिम संस्कार किए जाने के चलते अभी तक तहरीर न देने की बात कही गई। फिलहाल पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मृतक की मां की ओर से खुदकुशी को विवश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## ठेले वाले से मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजाबाग कॉलोनी निवासी रजत राठौर पुत्र रमेश राठौर ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 जून को रात दस बजे वह अपना चाय का ठेला बंद करके घर जा रहा था। तभी राजा बाग कालोनी मे घुसते ही मुस्कान कन्फेक्शनरी की दुकान के समीप विट्टू और उसके साथी हेमंत ने गाड़ी से ठेले में टक्कर मार दी।

जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए गाड़ी में रखे जैक और लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। दोनों युवक नशे की हालत में थे। आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण


सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ आलोक कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी लाभार्थियों से की बात

**अमृत विचार:** सीएमओ डा.आलोक कुमार ने शुक्रवार को सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम परिसर का भ्रमण कर अधीक्षक डॉ.लेखराज गंगवार, चीफ फार्मासिस्ट शशि कुमार संग लैब को देखा। गंदगी देख कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। डाट्स सेंटर पहुंचकर वहां के इंचार्ज योगेश कुमार, सहायक महेंद्र कुमार से टीबी मरीजों के बारे में जानकारी ली इस पर कर्मचारी योगेश ने बताया कि करीब 300 मरीजों की दवा चल रही है जो निश्चित तिथियारें पर आकर आकर अपनी दवा ले जाते हैं। उन्होंने नेत्र सहायक के कक्ष में पहुंचकर उनसे पिछले दिनों वृद्धों, बच्चों को वितरित किए गए चश्मों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। चश्मा लेने वाले दो लोगों से दूरभाष पर वार्ता कर हकीकत जानी। उन्होंने हीट स्ट्रोक वार्ड, मलेरिया डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया। साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने पर जोर दिया।

# डीपीआरओ ने घपलेबाज प्रधान को बिना रिकवरी कर दिया बहाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्राम प्रधान, सचिव और दो अवर अभियंताओं से रिकवरी की तय की जा चुकी है रकमै
- डीएम ने सभी को प्रतिकूल प्रविष्टि एक-एक अस्थाई वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के दिए हैं आदेश

**अमृत विचार:** विकास कार्यों में धांधलेबाजी कर धनराशि गबन करने के मामले में दोषी ग्राम प्रधान, सचिव समेत दो अवर अभियंताओं पर डीपीआरओ की दरियादिली दिखाने का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने ग्राम प्रधान समेत सभी आरोपियों से रिकवरी करने एवं सचिव समेत दोनों अवर अभियंताओं को प्रतिकूल प्रविष्टि देने और एक-एक अस्थाई वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। लेकिन डीपीआरओ नपे बिना रिकवरी ही दोषी ग्राम प्रधान के अधिकार बहाल कर दिए। यह मामला पंचायती राज विभाग में चर्चा का विषय बना है।

ब्लाक मरौरी की ग्राम पंचायत कंजा हरैया के ग्रामीणों द्वारा गत वर्ष की गई शिकायत पर अपर मुख्य अधिकारी और आरईएस के अवर अभियंता को जांच अधिकारी को नामित किया गया था। जांच में 4,28,200 रुपए की धनराशि का दुरुपयोग पाए जाने पर 29 फरवरी को डीएम संजय कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान नीतू मित्रा के वित्तीय एव प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए थे। मामले की अंतिम जांच के लिए डीआरडीए के परियोजना निदेशक एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि को जांच अधिकारी नामित किया गया। दो मई को नामित जांच अधिकारियों ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की थी।

**इस तरह की जाएगी रिकवरी :** डीएम संजय कुमार सिंह ने अंतिम जांच पर निर्णय लेते हुए ग्राम प्रधान नीतू मित्रा से 82,477 रुपये, पंचायत सचिव विकास पांडेय से 82,476, अवर अभियंता वीके दीक्षित से 59,248 एवं दीपक कहल से 23,226 रुपये वसूली करने के आदेश पारित किए गए हैं। डीएम ने डीडीओ को दोषी सचिव और अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को अवर अभियंता वीके दीक्षित एवं दीपक कहल को प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के साथ एक-एक अस्थाई वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए हैं। वहीं डीएम ने दोषी ग्राम प्रधान को चेतावनी पत्र जारी करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर लगी रोक को हटा दिया।

डीपीआरओ सतीश कुमार का कहना है कि अंतिम जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान समेत अन्य पर कार्रवाई तय की गई है। प्रधान के अधिकार बहाल कर दिए है। सभी से तय रिकवरी कराई जाएगी।

### अंतिम जांच में पाया गया 2,47,427 रुपए का गबन

अंतिम जांच के दौरान ग्राम पंचायत के मजरा वैवहा में सीसी रोड एवं नाली निर्माण में 97386 रुपये, प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय निर्माण में 1663 रुपये एवं गांव कंजा हरैया में खड़ंजा निर्माण में 78696 रुपये, इसी गांव में सीसी रोड एवं नाली निर्माण में 1,43975 रुपये और शंकर के घर से अमल के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण में 69,680 रुपये का गबन पाया गया। कुल 2,47,427 रुपये के गबन में ग्राम प्रधान नीतू मित्रा, सचिव विकास पांडेय, लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता वीके दीक्षित एवं दीपक कहल दोषी पाते हुए जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं...10 साल में 50 लोग मारे गए

## साल 2014 में जनपद के जंगल को मिला था टाइगर रिजर्व का दर्जा, सुरक्षा और संसाधनों का आज भी है अभाव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में मानव-वन्यजीव संघर्ष एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। वन विभाग की भारी भरकम मशीनरी इस अति गंभीर समस्या के आगे सुरक्षा और संसाधनों के आभाव में असहाय नजर आ रही है। यही कारण है कि 2014 में जनपद के जंगल को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद से अब तक यानी दस सालों में 50 लोग बाघ के हमले में जान चुके हैं। बीते साल सात लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। इस साल अब तक छह इंसानों की मौत हो चुकी है। दरअसल, पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में संरक्षित करते हुए टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। बताते हैं कि उस दौरान आनन-फानन में जंगल को टाइगर रिजर्व तो घोषित कर दिया, लेकिन जिम्मेदार जंगल से सटे गांवों की सुरक्षा एवं जरुरी संसाधन देना भूल गए। बाघों की संख्या बढ़ने और जंगलों का दायरा सिकुड़ने से पीटीआर के बाहर वन्यजीव निकलने लगे और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी। आंकड़ों के मुताबिक 10 सालों के भीतर 49 इंसान बाघ हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। बुधवार रात को बाघ हमले में बांसखेड़ा निवासी पूरनलाल की मौत से आंकड़ा बढ़कर 50 हो गया है। इधर, बीते साल पर गौर करें तो नौ जनवरी से 26 सितंबर के बीच बाघ हमलों में सात इंसान अपनी जान गंवा चुके हैं। साल की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। पांच जनवरी को महोफ रेंज से सटे गांव पुरैनीदीप नगर में खेत में काम करने के दौरान बाघ ने किसान स्वरूप सिंह को निवाला बना लिया था। 19 फरवरी को गांव पंडरी निवासी युवक पंकज को बाघ ने मार डाला था। 26 मार्च को सेमनगर निवासी दिलीप का पड़ोस के संडा गांव के समीप क्षतविक्षत शव मिला था। दिलीप की मौत भी बाघ हमले में हुई थी। इसके अलावा 29 जनवरी को जमुनियां निवासी गंगाराम और आठ अप्रैल को भोलेराम की मौतें माला रेंज में हुई थी। इधर बुधवार रात माला रेंज से सटे गांव बांसखेड़ा के समीप बाघ ने गांव निवासी किसान पूरनलाल अपना निवाला बना डाला। जिससे बाघ हमलों में मौतों का आंकड़ा बढ़कर छह हो गया।



बांसखेड़ा गांव में किसान का अधखाया शव मिलने के बाद जमा भीड़। ● अमृत विचार

### कम पड़ने लगा जंगल का दायरा

वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक अधिकतर घटनाएं कलीनगर तहसील क्षेत्र में हुईं। घटनाओं के पीछे बाघों की बढ़ती संख्या के आगे जंगल का सिकुड़ता दायरा अहम वजह मानी गई। घटनाओं को रोकने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की मदद से लोगों को जागरूक करने के साथ जंगल की सीमाओं पर जाल फेंसिंग का कार्य कराने पर जोर दिया गया लेकिन जंगल का दायरा बढ़ाने की ओर अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

- इस साल अब तक छह ने गंवाई जान, 2023 में सात लागों की जान ले चुके बाघ

**चार बीघा जमीन पूरनलाल के परिवार का सहारा :** बाघ हमले का शिकार हुए गांव बांसखेड़ा के किसान पूरन लाल का परिवार चार बीघा जमीन के सहारे ही गुजर बसर कर रहा था। बुधवार रात पूरन लाल चार बीघा खेत में धान की रोपाई के लिए तैयार किए जा रहे खेत में सिंचाई कर रहे थे। मृतक के परिवार में पत्नी रामादेवी के अलावा दो पुत्र और एक पुत्री है। परिवार में मुखिया की मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों में मौत के बाद आक्रोश भी था। जिसके चलते कई घंटे तक शव को खेत से उठने नहीं दिया था। हालांकि बाद में अफसरों के आश्वासन पर ग्रामीण मान गए थे।

### बाघ के हमले में ये भी गंवा चुके जान

| तिथि | मृतक | निवासी |
|---|---|---|
| **वर्ष 2016** | | |
| 23 फरवरी | सुपद सरकार | अशोक नगर |
| 03 अक्तूबर | मेघनाथ | नदहा |
| 23 अक्तूबर | बेनीराम | मरौरी |
| 28 अक्तूबर | बाबूराम | पिपरिया |
| 11 दिसंबर | अहमद खा | डगा |
| **वर्ष 2017** | | |
| 16 जनवरी | राजीव | पिपरिया |
| 05 फरवरी | धनीराम | कुंवरपुर |
| 07 फरवरी | नन्हेंलाल | पिपरिया |
| 11 फरवरी | गंगाराम | कलीनगर |
| 16 फरवरी | कलावती | मेवातपुर |
| 05 मार्च | ब्रहमस्वरूप | रम्पुरा |
| 31 मार्च | श्याम बिहारी | जमुनिया |
| 9 मई | ताराचंद्र | अनवरगंज |
| 16 जून | केवल प्रसाद | मरौरी |
| 20 जून | मिही लाल | शिवपुरिया |
| 01 अगस्त | ननकी | सैदुल्लागंज |
| 07 अगस्त | तसलीम | डांग |
| 08 अगस्त | शमशुल | सरैदा |
| 10 अगस्त | कुवंरसैन | बेहरी |
| 18 अगस्त | रामचंद्र | पीलीभीत |
| 01 अक्तूबर | बबलू | खरगापुर |
| 28 दिसंबर | कैलाशो | पिपरिया |
| **वर्ष 2018** | | |
| 16 जनवरी | मथुरा प्रसाद | निजामपुर तह |
| 05 मार्च | गिरजा देवी | चांदूपुर |
| 26 सितंबर | लक्ष्मण प्रसाद | सिमरिया |
| **वर्ष 2019** | | |
| 11 अप्रैल | हेमंत खैराती | गोयल कॉलोनी |

| | | |
|---|---|---|
| **वर्ष 2020** | | |
| 01 फरवरी | फूलचंद | बैजूनगर |
| 05 फरवरी | रुपलाल | विधिनपुर |
| 21 मार्च | रमोनी देवी | माला कॉलोनी |
| 30 मार्च | कृष्णा राय | माला कॉलोनी |
| 03 अप्रैल | निंदर सिंह | रिछौला |
| 03 अप्रैल | डोरीलाल | ढेरम मंडरिया |
| 08 मई | शिवेंदु | गोयल कॉलोनी |
| 06अक्तूबर | सुखवीर सिंह | पिपिरया करम |
| **वर्ष 2021** | | |
| 11 जुलाई | सोनू | दियोरिया |
| 11 जुलाई | कंधई | दियोरिया |
| **वर्ष 2022** | | |
| 08 जनवरी | गोकुल मलिक | टंडोला विजेसी न्यूरिया |
| **वर्ष 2023** | | |
| 09 जनवरी | गोकुल प्रसाद | टांडा बिजैसी |
| 30 मई | अशोक कुमार | अलीगंज |
| 28 जून | लालता प्रसाद | रानीगंज |
| 27 जुलाई | बेबी | सेल्हा गांव माधोटांडा |
| 16 अगस्त | राममूर्ति | रानीगंज माधोटांडा |
| 21 सितंबर | रघुनाथ | माला कॉलोनी गजरौला |
| 26 सितंबर | तोताराम | जमुनिया |
| **वर्ष 2024** | | |
| 05 जनवरी | स्वरुप सिंह | पुरैनी दीपनगर |
| 30 जनवरी | गंगाराम | माला रेंज |
| 19 फरवरी | पंकज कुमार | पंडरी |
| 26 मार्च | दिलीप | संडा |
| 08 अप्रैल | भोलेराम | माला रेंज |
| 19 जून | पूरनलाल | बांसखेड़ा |

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# उर्स में उमड़े जायरीन कव्वालों ने बांधा समां



कव्वाली सुनने पहुंचे जायरीन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** सैय्यद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह की याद में पिछले 46 वर्षों से उर्स का मेला प्रति वर्ष लगाया जाता है। जिसमें हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए हर वर्ग समाज के लोग अपनी भागीदारी निभाते आ रहे हैं।

जामा मस्जिद कमेटी के प्रबंधक नवाव उल्ला खां एवम सोहेल हुसैन खान ने बताया प्रतिवर्ष मेला कमेटी में मुस्लिम समाज के अलावा हिन्दू भाई भी जुड़कर बढ़ चढ़कर सहयोग करते हैं। जिसके चलते आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस बार भी उर्स में दूरदराज से लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। जिसके लिए आयोजकों ने खासे इंतज़ाम किए गए हैं। उधर, गुरुवार रात कब्वाली हुई। महिला कव्वाल सनम वारसी और नईम वारसी के बीच जवाबी मुकाबला हुआ।

# विवाहिता को पीटने पर पति समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की जान लेने की कोशिश की। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फतेहगढ़ जनपद के थाना अमृतपुर क्षेत्र केश्रीपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उनकी पुत्री लक्ष्मी देवी की शादी छह साल पहले बरखेड़ा के ग्राम कोकिली के अनुज से हुई थी। ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। दो बच्चे होने के बाद भी मारपीट की जाती रही। 19 जून को जब जानकारी मिलने पर आए तो ससुराल वाले पुत्री से मारपीट कर रहे थे। उसकी जान लेने की कोशिश की जा रही थी। बेटी को बंधक बनाकर रखने का भी आरोप लगाया। मामले में पति अनुज समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# छह साल में तीन माह कम होने पर भी मिलेगा कक्षा एक में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नए शैक्षिक सत्र में शासन ने जारी की गाइडलाइन, पहले नामांकन में आती थी दिक्कत

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए शासन ने एक नया आदेश जारी किया है। जिसके तहत अब वह बच्चे भी कक्षा एक में अपना नामांकन करा सकेंगे जिनकी आयु 31 जुलाई को पूरी हो रही है। पहले सिर्फ एक अप्रैल को छह साल की आयु पूरी करने वाले बच्चों का ही नामांकन किया जाता था। जिस वजह से कई बच्चों का एडमिशन नहीं हो पाता था। हालांकि यह आदेश इस शैक्षिक सत्र के लिए ही मान्य होगा। अफसरों का तर्क है कि इस आदेश के बाद स्कूलों में नामांकन की संख्या तेजी से बढ़ेगी।

जिले में नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में एडमिशन कराए जा रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में स्कूलों चलो अभियान के तहत बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। मगर नामांकन नहीं बढ़ पा रहे थे। जिसके पीछे एक कारण यह भी निकलकर सामने आया था कि अभी तक शासन की गाइडलाइन के तहत सरकारी व निजी प्राइमरी स्कूलों में कक्षा एक में उन बच्चों को भी प्रवेश मिल पाता था। जिनकी आयु एक अप्रैल को छह साल की होती थी, लेकिन अब इस शैक्षिक सत्र में नया आदेश जारी करते हुए तीन माह की छूट दी गई है। जिसके तहत समस्त शिक्षण संस्थानों में 31 जुलाई को छह साल की आयु पूरी करने वाले सभी बच्चों का एडमिशन किया जाएगा। अभी तक इन स्कूलों में तमाम ऐसे बच्चे वापस किए जा रहे थे जो कि एक अप्रैल को छह साल पूरा न करके मई, जून या फिर जुलाई में यह आयु सीमा पूरी कर रहे थे। अब इन्हें राहत दी गई है। अगले वर्ष तक इन्हें इंतजार नहीं करना होगा।

फिलहाल बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से समस्त बोर्ड के स्कूलों को यह छूट देकर बड़ी राहत दी गई है। इस आदेश के जारी होने से परिषदीय स्कूलों को नामांकन बढ़ाने में बड़ी राहत मिलेगी। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि अगर अब कोई बच्चा 31 जुलाई को भी छह साल की आयु पूरी कर रहा है। उसका एडमिशन किया जाएगा। इस संबध में सभी को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# गोवंश की मौत भूल गए जिम्मेदार...स्टाफ हटा न ही गोशालाओं का करा सके सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- विकास भवन में ही घूम रही देवीपुरा गोशाला मामले की पत्रावली
- बीते दिनों गंभीर आरोप लगने के बाद किए गए थे सख्ती के दावे

**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय से पांच किमी की दूरी पर स्थित देवीपुरा गोशाला में गोवंश की मौत और तस्करी के गंभीर आरोप लगने के बाद शुरू कराई गई जांच सख्ती के दावों के बीच ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। जांच में लापरवाही उजागर होने के बाद जिम्मेदारों ने पहले स्टाफ पर ठीकरा फोड़ते हुए बदलाव करने की बात कहीं। इसका संज्ञान लेते हुए अन्य गोशाला के सत्यापन का राग अलापा, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी कुछ भी शुरू तक नहीं हो सका है। बताते है कि मामले की पत्रावली भी अभी तक विकास भवन के दो जिम्मेदारों के दफ्तरों के बीच फंसी है। इसमें कोई निर्णय छोड़िए डीएम के पास तक नहीं भेजा जा सका है। इतना जरूर इससे जुड़े लोग भी शांत हो गए है।

बता दें कि जनपद में निराश्रित गोवंशों के आश्रय देने के लिए जिले में 57 गोशालाएं स्थापित की है। वर्तमान में इन गोशालाओं में करीब 5548 गोवंश संरक्षित हैं। इन गोशालाओं में पशुओं के चारे आदि को लेकर एक बड़ा बजट दिया जाता है। इसके बावजूद गोशालाओं में अकसर गोवंशों की मौतों के मामले सामने आ रहे हैं। यह दीगर बात है कि जब इन गोशालाओं में गोवंश की मौत का मामला सामने आता है तो पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा पशुओं की मौत की वजह शारीरिक रूप से बेहद कमजोर होना बताकर मामले में रफा-दफा कर दिया जाता है। इन्हीं में से एक अकसर सुर्खियों में रहने वाली देवीपुरा गोशाला हाल ही में एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

नौ जून को हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं की सूचना मिली थी कि रात के अंधेरे में गोवंशो का बेचा जाता है। इससे गोवंशों की संख्या लगातार कम हो रही है, लेकिन अभिलेखों में संख्या बढ़ाकर दशाई जा रही है।इस शिकायत में पहले सीडीओ के खिलाफ भी आरोप लगाए गए थे। फिर मामले का संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने दो सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच कराई। जांच टीम में शामिल डिप्टी सीवीओ डॉ. लक्ष्मीप्रसाद एवं बीडीओ मरौरी मृदुला ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो उस दौरान पशुओं की संख्या अभिलेख में दर्ज पशु सख्या से कम पाई गई थी। वहीं मृत पशुओं के निस्तारण में बड़ी लापरवाही सामने आई थी। जांच टीम ने प्रधान एवं सचिव की लापरवाही पाते हुए जांच रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद सीडीओ ने प्रधान एवं सचिव को नोटिस भेज जवाब तलब करने के साथ बीडीओ मरौरी को गोशाला के पूरे स्टाफ को हटाने के साथ नए स्टाफ की तैनाती करने के निर्देश दिए थे। इस मामले में डीएम संजय कुमार सिंह ने भी सीडीओ से रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बताते है कि इसके बाद भी अभी तक एक्शन नहीं हो सका है। इतना ही नहीं अन्य गोशाला के सत्यापन को लेकर किए गए दावों को भी धरातल पर शुरू नहीं किया जा सका है। यह हाल तब है जब मामला गोवंश से जुड़ा है । फिलहाल अफसर जल्द मामले में कारवाई पूरी कराने के दावे कर रहे है।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



देवीपुरा गोशाला का मुख्य द्वार।

### तो एक कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध

इस मामले में अभी तक कोई एक्शन न लिए जाने पर तमाम तरह की चर्चाएं तेज है। इसके विकास भवन के एक चर्चित कर्मचारी की भूमिका से जोड़कर चर्चाएं तेज हो गई है। फिलहाल इसकी हकीकत तो जिम्मेदार ही बता सकते है। फिलहाल इस मामले में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### ...कहां जा रहा हरा चारा

गोशालों में आश्रित गोवंश के लिए हरा चारा मिल सके। इसके लिए चार वर्ष पूर्व तत्कालीन डीएम पुलकित खरे की ओर से चारागाह की जमीन का चयन कराकर गोशाला के लिए हरा चारा की बुवाई कराई गई थी। उनके रहते तो सब कुछ ठीक चला। फिर उनके तबादले के बाद मुहिम भी ठप पड़ गई। दावे तो कई किए जा रहे है लेकिन हकीकत तो जिम्मेदारों को भी पता नहीं। इस पर कोई बोलने को भी कोई जिम्मेदार तैयार नहीं है।

## सार-संक्षेप

### बैंक कर्मियों ने प्याऊ लगाकर बांटा शरबत




**बरखेड़ा।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के अफसर-कर्मचारियों की ओर से शुक्रवार को बैंक गेट पर प्याऊ लगाया गया। राहगीरों को शीतल शरबत बांटा गया। शरबत पीकर राहत महसूस की। इस मौके पर शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार शर्मा, फील्ड ऑफीसर समित कुमार, कैशियर महेश्वर दत्त, असिस्टेंट जूनियर मनीष गंगवार, हरिशंकर, रजत तिवारी, मेबान खान, राजेश कुमार, रविशंकर, श्रीपाल आदि मौजूद रहे।

### प्रधान ने पकड़वाए छुट्टा पशु, मिली राहत



**बिठौराकलां।** छुट्टा पशुओं से परेशान ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है। ग्राम प्रधान ने टीम लगाकर पशुओं को पकड़वाया और गोशाला भेज दिया है। दरअसल, ग्राम पंचायत बिठौराकलां में छुट्टा पशुओं की वजह से किसान परेशान थे। खेत पर रहकर फसल की रखवारी करनी पड़ती। बावजूद इसके पशु फसल खराब कर जाते थे। शुक्रवार को ग्राम प्रधान अरविंद कुमार ने टीम लगाकर ग्रामीणों की मदद से छह पशुओं को पकड़वाया। पशुओं को ट्रॉली में लादकर देवीपुरा गोशाला भेज दिया है। पशु पकड़ने वालों में मथुरा प्रसाद, गयाप्रसाद, जसपाल, आनंद आदि शामिल रहे।

## रहने को निरोग, सैकड़ों लोगों ने किया योग


ध्यान मुद्रा लगाए बुजुर्ग।


ध्यान मुद्रा लगाए बुजुर्ग महिलाएं। ● अमृत विचार


गांधी स्टेडियम मैदान पर योग क्रिया करते लोग। ● अमृत विचार

# निरोगी काया के लिए किया योग

## जिले में सरकारी से लेकर निजी संस्थानों तक हर जगह हुआ योग और प्राणायाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिलेभर में दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। गांधी स्टेडियम में हुए कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री, कमिश्नर, अन्य अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस दौरान योग के क्षेत्र एवं विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं, सरकारी कार्यालयों समेत अन्य स्थानों पर भी सामूहिक योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गांधी स्टेडियम में शुक्रवार सुबह कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा अनुसंधान बलदेव सिंह औलख, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, डीएम संजय कुमार सिंह ने की। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया योग से जुड़ रही है और इसका महत्व समझ रही है। उन्होंने कहा कि योग को अपनी जीवन शैली में आत्मसात करें और प्रतिदिन नियमित रुप से योग करें। प्रधानमंत्री का सजीव प्रसारण देखा गया। इस दौरान योग के क्षेत्र एवं विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया।

डीएम संजय कुमार सिंह, सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एएसपी विक्रम दहिया, एडीएम ऋतु पूनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिला जजी में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजीव कुमार सिन्हा, अपर जिला जज प्रथम विजय कुमार डुंगरकोटी, अपर जिला जज गीता सिंह, अपर जिला जज छांगुर राम, सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने योग किया। मेडिकल कॉलेज में डॉ. पलाश शर्मा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।

सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना, डॉ. रमाकांत सागर, दिग्विजय आर्य समेत मरीजों के परिजन एवं अन्य चिकित्साकर्मियों ने भाग लिया। बड़ौदा यूपी बैंक स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब के तत्वावधान में ड्रमंड राजकीय इंटर कालेज में योग शिक्षक दीपक सरकार ने योगासन व प्राणायाम का अभ्यास शिविर में टाईगर डिफेंस अकादमी के निदेशक देवेंद्र मौर्य क्लब सचिव प्रदीप खिंची भाजपा नगरमंत्री मनोज मिश्रा, आदि मौजूद रहे। जन शिक्षण संस्थान ने जन शिक्षण संस्थान प्रांगण एवं मोहल्ला भूरे खां और गांव बिलगवां में योग कार्यशाला का आयोजन किया। अशोक कालोनी केंद्र पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के साथ, पुलिस लाइन में योग शिक्षिका तृप्ति मिश्रा, रमेश कुमार, जहानाबाद इंटर कॉलेज में रेनू शर्मा, मरौरी ब्लॉक में शोभित बाजपेई एवं जीएल शर्मा, बजाज हिंदुस्तान शुगर फैक्ट्री में देवेंद्र शर्मा ने जाकर योग कराया।


मानसिक तनाव को दूर करने वाला हास्य योग आसन करती युवतियां। ● अमृत विचार


ध्यान मुद्रा लगाए युवतियां। ● अमृत विचार


ड्रमंड राजकीय इंटर कालेज मैदान पर योग करते साधक। ● अमृत विचार


नेहरू युवा केन्द्र पर योग कराते योग प्रशिक्षक श्रीदेव। ● अमृत विचार


मरौरी ब्लॉक में योग करती ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा। ● अमृत विचार


स्प्रिंगडेल कॉलेज में योग कराते पतंजलि योग पीठ के सदस्य उमेश वाष्र्णेय।


विश्व योग दिवस पर आयुर्वेदिक कॉलेज की छात्रा को प्रति पत्र प्रदान करते प्रभारी मंत्री, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार


गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर में योग करती महिलाएं।

### सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

**बरखेड़ा :** ब्लाक परिसर में योगाचार्य सूरज सिंह यादव ने सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गंगवार, पशु चिकित्सा अधिकारी हरपाल, पंचायत सचिव पवन पटेल, राजकुमार, सुमित कुमार, लाल बहादुर, एजाज अहमद, शिवि सक्सेना आदि ने हिस्सा लिया। बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के प्रांगण में योगाचार्य देवेंद्र कुमार सिंह ने सामूहिक योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में बजाज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा, यूनिट हेड आशीष तिवारी, एचआर हेड हरीश जवाल, आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

### गोमती उदगम स्थल पर कराए योगासन

गोमती उदगम स्थल पर जिला गंगा समिति ने सामूहिक योग कार्यक्रम किया। योग प्रशिक्षक अंजलि सिंह ने विभिन्न योगासन कराए गए। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षु आईएफएस भरत कुमार ने कहा कि योग न सिर्फ हमारे शरीर के लिए लाभदायक है बल्कि इससे हम कई बीमारियों से बचते हैं। एसडीओ सामाजिक वानिकी अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं एसडीओ पीटीआर रमेश चौहान ने लोगों को गंगा संरक्षण के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में रेंजर पीयूष मोहन श्रीवास्तव, रेंजर रोहित जोशी, डॉ. आदर्श कुमार, डीपीओ सौरभ प्रताप सिंह, जिला गंगा समिति के सदस्य निर्भय सिंह, आदि ने भाग लिया।



ध्यान मुद्रा लगाए बच्चे। ● अमृत विचार


49 वीं वाहिनी एसएसबी ललौरी खेड़ा पर योग आसन करते एसएसबी जवान।


विश्व योग दिवस पर योग क्रिया करती छात्राएं।

### शैक्षणिक संस्थाओं में भी किया गया योगा

लॉर्ड कृष्णा स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार की योग मुद्राएं बनाई। प्रबंधक सनी दीक्षित, प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इधर, स्प्रिंगडेल कॉलेज में पतंजलि योग पीठ के सदस्य उमेश वाष्र्णेय एवं एनपी सिंह ने योग के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद आदि मौजूद रहे।


योगाभ्यास करते एसएसबी जवान। ● अमृत विचार


ध्यान मुद्रा लगाए बुजुर्ग महिलाएं।

### विधायक संग ग्रामीणों ने किया योग

**बिठौराकलां :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उच्च प्राथमिक विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने भी भाग लिया। उन्होंने लोगों ने योग का नियमित जीवन में शामिल करने की अपील की। सामूहिक योगाभ्यास में ग्राम प्रधान अरविंद कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।


योग करती चेयरमैन डॉ .आस्था अग्रवाल, एडीएम ऋतु पूनिया।


ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में योगाभ्यास कराते प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

### प्रतिदिन योग करने का किया आह्वान

**बीसलपुर :** एसआरएम इंटर कॉलेज में आयुष विभाग द्वारा संचालित योग वैलनेस सेंटर एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में योग प्रशिक्षक अखंड प्रताप शर्मा, रश्मि, बाबूराम मौर्य ने साधकों को अभ्यास कराया। टाइम स्कॉलर्स स्कूल में डायरेक्टर राजेश अग्रवाल, बाला देवी रोशन लाल कॉलेज में प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार की मौजूदगी में योग कराया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योग प्रशिक्षक रघुवंश तिवारी ने योगाभ्यास कराया। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने योगाभ्यास किया। डायट में प्राचार्य महेंद्र कुमार, तहसील में योग शिक्षक प्रताप सिंह, जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में सेवानिवृत प्रधानाचार्य रामचंद्र लाल गंगवार, प्रधानाचार्य प्रवीन सक्सेना, सफी डिग्री कॉलेज में कोऑर्डिनेटरअनीस बेग की मौजूदगी में योगाभ्यास कराया गया।


अशोक कॉलोनी मैदान पर योग साधना शिविर में योग करते योग साधक।


मेडिकल कालेज पार्क में योग करते सीएमएस, डॉक्टर्स व स्टाफ। ● अमृत विचार


जजी परिसर में योग करते न्यायायिक अधिकारी, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारी।


उप महानिरीक्षक कार्यालय पर योग करते सशस्त्र सीमा बल के जवान। ● अमृत विचार


अशोक कॉलोनी मैदान पर योग साधना शिविर में योग करते योग साधक। ● अमृत विचार

### बढ़ैरा में यज्ञ एवं योग कार्यक्रम का आयोजन

**दियोरियाकलां :** गांव बढ़ैरा में आर्यसमाज की ओर से आचार्य रामबहादुर शास्त्री के आवास पर यज्ञ एवं योग का आयोजन किया गया। यज्ञ गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर तिलहर से पधारे आचार्य चंदन मित्र द्वारा संपन्न कराया गया। यज्ञ के बाद योग का मानव जीवन में महत्व एवं पांच महायज्ञों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर ब्रह्म रामप्रताप आर्य, रामचंद्र आर्य, नरेश आर्य, मुरारी लाल, धर्मेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।





मृतक के परिजनों से वार्ता करते डीडी मनीष सिंह। ● अमृत विचार

## बाघ हमले का शिकार हुए मृतक के परिजनों से मिले डीडी

**पीलीभीत।** पीटीआर की डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह शुक्रवार को गांव बांसखेड़ा पहुंचकर बाघ हमले का शिकार हुए गांव बांसखेड़ा निवासी पूरनलाल के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से खेतों आदि पर सामूहिक रूप से जाने समेत अन्य सावधानियों के बारे में बताया। इधर बाघ हमले के बाद निगरानी टीम रात भर मुस्तैद रही। वन अफसरों का दावा है कि बाघ जंगल की तरफ चला गया है।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# आवेदन कर भूल जाइये आवास...यहां नहीं होती गरीबों की सुनवाई

## नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के वार्ड नंबर नौ में कई पात्र, दो साल बाद भी नहीं मिला आवास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीएम आवास योजना का लाभ पाने के लिए अभी भी तमाम पात्र भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। आरोप यह भी है कि अगर रुपये नहीं दिए तो सूची से नाम कटवा दिया जाता है। शिकायत करने पर उन्हें आज कल करते हुए टरका दिया जाता है। कई परिवार तो शांत होकर कच्चे मकानों को अपना नसीब मानकर रहने को मजबूर हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभागीय अधिकारी प्रधानमंत्री योजना में बिना मौके पर पहुंचे ही सर्वे कर लेते हैं, या फिर वह कुछ आर्थिक लाभ की उम्मीद न दिखने पर गड़बड़ी कर दी जाती है। फिलहाल हालत कुछ भी हो। मगर पात्र लाभार्थियों को इस योजना का शत प्रतिशत लाभ नहीं मिल पा रहा है।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए पीएम मोदी ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की थी। ताकि गरीब परिवार के सिर के ऊपर भी पक्की छत आ सके। जिसका जिम्मा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) को दिया गया था। जबकि शहरी क्षेत्र में डूडा को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने वाले पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ पूर्णता नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक प्रकरण नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के वार्ड नंबर नौ का सामने आया है। जहां वार्ड नंबर नौ में बड़ी संख्या में परिवार ऐसे हैं, जो अपने मकान पर पन्नी डालकर जीवन यापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए दो साल पहले आवास के लिए आवेदन किया था। मगर उनकी सुनवाई आज तक नहीं हुई है। वार्ड नंबर नौ में लगभग 450 से अधिक मकान है। जहां करीब 2000 से अधिक आबादी जीवन यापन कर रही है। यहां अधिकतर परिवार मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते है। नगर पंचायत से पहले जब यह ग्राम पंचायत हुआ करती थी। तब भी लोगों ने यहां आवासों के लिए आवेदन किया था। मगर अधिकतर पात्र लाभार्थी ऐसे रह गए। जिनको आवास नहीं मिल सका। लोगों की मानें तो आवास उन्हें दिया गया है जिनका पहले से आवास बना हुआ है। धरातल पर आकर कोई सर्वे नहीं किया गया है।

इस वार्ड की रहने वाले जुबैदा बताती है कि उनका छप्परपोश मकान बना हुआ है। उन्होंने दो साल में दो बार आवास के लिए आवेदन किया था। लेकिन उन्हें अभी तक उन्हें आवास का लाभ नहीं मिल सका है। जुबैदा जैसे न जाने कितने परिवार है। जिन्होंने आवास के लिए आवदेन किया। मगर आवास नहीं मिल सका। जब आवास नहीं मिला तो कुछ ऐसे लोगों के संपर्क में आ गए। जिन्होंने उनसे आवास दिलाने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी कर ली। अब आलम यह है कि आवास के लिए कार्यालय से कार्यालय और नेताओं के चक्कर काट रहे हैं। मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।



नौगवां पकड़िया के वार्ड नंबर नौ में खपरैल पॉश बना जुबैदा का मकान।



नौगवां पकड़िया में पन्नी और ईट लगाकर बनाए गए मकान में रहती सोनिया का परिवार।


- **पन्नी डालकर गुजर बसर करने को मजबूर, बोले- खूब लगाए चक्कर, नहीं हुई कहीं सुनवाई**



प्रधानमंत्री आवास की योजना जब आई थी तो लगा था परिवार को पक्की छत नसीब हो जाएगी। आवास के लिए आवेदन भी किया था। लेकिन आवेदन करने के बाद से अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब तो आवास मिलने की उम्मीद ही पूरी तरह छोड़ चुके हैं। **-जुबैदा**



सालों से मकान के ऊपर पन्नी डालकर जीवन यापन कर रहे हैं। एक बेटा बीमार रहता है। आवास को लेकर आवेदन किया था। आवेदन करने वाले एक युवक ने रुपये भी ले लिए थे। लेकिन इसके बाद भी आवास नहीं मिल सका है। बारिश और धूप दोनों ही मौसम को पन्नी में ही गुजर रहे हैं। **– सोनिया**



प्रधानमंत्री आवास के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रधानी के कार्यकाल में आवास का पहली बार आवेदन किया था। अब सभी का आवास आ गया। हमें आवास नहीं मिला। फिर से आवेदन किया। अब उम्मीद छोड़ चुके हैं। कच्चे मकान में ही जीवन जीने को मजबूर हैं। **– निशात अहमद**



मजदूरी कर परिवार को पाल रहे हैं। इस बार महंगाई में मकान कहां से बनाए। पीएम आवास आने पर उम्मीद जागी थी। मगर आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिन्होंने रुपये दिए। उनको आवास मिल गया। मगर यहां रुपये देने के बाद भी सूची से नाम गायब कर दिया। जबकि पूरा मकान कच्चा बना हुआ है। **-यामीन खां**

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वन डूडा कार्यालय से होता है। एक साल से कोई नए आवास नहीं आए हैं। जिन लोगों के पूर्व में आवेदन किए थे। जरुर कोई न कोई कमी रही होगी, इसलिए उनको आवास नहीं मिला है। ऐसे में लोगों का सर्वे कराया जाएगा। जब आवास की डिमांड मांगी जाएगी। तभी कुछ हो सकता है।
**– एजाज अहमद** ईओ नौगवां पकड़िया

# बाइक व मोपेड की टक्कर में एक की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** माधोटांडा मार्ग पर बाइजेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा का अपहरण करने के मामले में पीलीभीत एसओजी टीम ने पूर्व सभासद के घर छापेमारी करने के बाद बृहस्पतिवार देर रात को खुटार के गांव कुसुमा में रहने वाले युवक के घर दबिश दी। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया और साथ लेकर चली गई।

थाना सेहरामऊ उत्तरी की पुलिस ने गुमशुदगी को अपहरण में दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में गहनता से जांच चल रही है। जनपद पीलीभीत की जेएनएम की छात्रा का अपहरण कर लिया गया था और वह 12 जून से लापता चल रही थी। घटना के बाद परिजनों ने थाना सेहरामऊ उत्तरी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 19 जून की सुबह कार सवार एक महिला, तीन पुरुष छात्रा को जनपद लखीमपुर खीरी-सीतापुर के गांव चिमनी के सड़क किनारे फेंककर चले गए थे। लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गंभीर हालत में छात्रा को खीरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पूछताछ में उसने अपना पता बताया था। 20 जून को पीलीभीत एसओजी टीम खुटार थाने पहुंची थी और पुलिस के साथ नगर के एक मोहल्ला के पूर्व सभासद के घर छापेमारी की थी। एसओजी टीम ने पूर्व सभासद से पूछताछ की। कुछ सुराग लगने की आशंका से उसे साथ ले गई। इसके बाद गुरुवार देर रात एसओजी टीम ने खुटार के गांव कुसुमा तिकुनियां के रहने वाले युवक के घर दबिश दी। परिजनों से पूछताछ के बाद युवक को साथ लेकर चले गए। इस घटना से खलबली मची हुई है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### ई-रिक्शा पलटने से पांच लोग घायल

**बीसलपुर।** ग्राम अमरा के पास निरंकारी मिशन के सत्संग में शामिल होने के लिए ग्राम उगनपुर मरौरी से ई रिक्शा पर सवार होकर एक ही परिवार के छह लोग गए थे। सत्संग संपन्न होने के बाद श्रद्धालु ई रिक्शा से वापस लौट रहे थे। ग्राम अमरा मोड़ पर पहुंचते ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में विमला पत्नी संजीव कुमार, राजकुमारी पत्नी सुखलाल, उलनका बेटा विशंभर दयाल, चांदनी पुत्री सोनपाल घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। विशंभर दयाल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## सीएचसी की डॉक्टर पर लापरवाही से प्रसव कराने का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार:** सीएचसी में प्रसव करने में लापरवाही का आरोप चिकित्सक पर लगा है। नवजात की मौत के बाद पिता ने डॉक्टर और आशा की शिकायत एसडीएम से की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर खुर्द के रहने वाले अशोक कुमार ने एसडीएम से की गई शिकायत में बताया कि गर्भवती पत्नी नीरज देवी को 18 जून को प्रसव पीड़ा होने पर पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया था। सीएचसी में तैनात महिला डॉक्टर ने मना करने के बावजूद प्रसव करा दिया, जिससे नवजात की हालत बिगड़ गई। इस पर डॉक्टर ने प्रसूता और नवजात को निजी अस्पताल ले जाने को कहा। अशोक कुमार पत्नी और नवजात को पीलीभीत के निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने लापरवाही वश प्रसव कराने के बारे में बताया। 20 जून को नवजात की मौत हो गई। नीरज देवी की हालत भी गंभीर बनी हुई है। अशोक कुमार ने सीएचसी की डॉक्टर और आशा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एमओआईसी डा. अनिकेत गंगवार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

# पारिवारिक कलह के चलते महिला ने खुद को आग लगाई



महिला के घर के बाहर पूछताछ करते पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला कच्चा कटरा में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। ससुराल वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां से डाक्टर ने उसे बरेली के लिए रेफर कर दिया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी चंदन वर्मा की शादी तीन साल पहले सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्का तालाब में 26 वर्षीय सुनयना उर्फ पारुल के साथ हुई थी। शुक्रवार की दोपहर दो बजे ससुराल वालों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। दोपहर साढ़े तीन बजे उसने कमरे में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आग लगने पर सुनयना चिल्लाई। उसका पति चंदन व अन्य लोग कमरे में गए और उसके शरीर में लगी आग को बुझाया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और पति से जानकारी की। पति ने बताया कि उसकी पत्नी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। ससुराल वाले उसे मेडिकल कालेज ले गए। डाक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया। आग से झुलसी महिला को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है।

## रामगंगा नदी से सड़ा गला शव बरामद

**अल्हागंज।** रामगंगा नदी से पुलिस ने गुरुवार रात सड़ा गला शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव विचपुरिया की ओर रामगंगा नदी में बृहस्पतिवार की देर शाम एक सड़ा गला शव तैरता हुआ देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसे नदी से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक शव कई दिन पुराना है। उसकी पहचान कर पाना मुश्किल है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल सकता है।

# प्यार पर लगा पहरा तो फांसी के फंदे पर झूला जोड़ा

- **तहेरी बहन व चचेरे भाई के बीच प्रेम प्रसंग का मामला आया सामने**
- **सनसनीखेज घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी, पुलिस जांच में जुटी**

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने की घटना सामने आई है। परिवार वालों ने प्यार पर बंदिशें लगाई तो दोनों ने फंदे पर झूलकर जान दे दी है। यह घटना गांव समेत पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस भी मामले को लेकर हतप्रभ हैं।

यह घटना कलान तहसील क्षेत्र के थाना परौर के एक गांव है। इस गांव में रहने वाले दो सगे तहेरे-चचेरे भाइयों के बच्चों की उम्र में तीन वर्ष का फासला था। बड़े भाई की बेटी 18 वर्ष की थी, जबकि छोटे भाई के बेटे की उम्र 21 वर्ष थी। दोनों एक साथ खेलते-खेलते युवा अवस्था पहुंचते-पहुंचते एक-दूसरे के इतना नजदीक आ गए कि उन्हें भाई-बहन के रिश्ते तक का ख्याल नहीं रहा। रिश्ते को कलंकित करते हुए दोनों ने कभी पीछे मुड़कर देखना नहीं चाहते थे। इस मामले की जानकारी उनके परिवार वालों को हुई तो पहरा बैठा दिया।

दोनों इसके बाद भी मानने को तैयार नहीं हुए और मौका पाकर एक दूसरे से मिलते रहे, कहीं फोन पर बातें करना, फिर गांव के बाहर या कहीं अन्य स्थानों पर मुलाकात करना यह आम बात हो गई थी। पहले तो गांव के लोगों ने भाई बहन का पवित्र रिश्ता होने के कारण शक नहीं किया। जब गांव के लोगों को यह बात पता चली तो यह मामला पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया।

छोटे भाई ने देखा कि बदनामी ज्यादा फैल रही है तो उसने अपने बेटे की चार माह पूर्व जनपद हरदोई के एक गांव की लड़की से शादी कर दी। शादी होने के बाद भी दोनों एक साथ जीने मरने की कसमें खाते हुए मिलते रहे। जब परिवार वालों ने पहरा और कड़ा किया तो दोनों ने जान देने की फैसला किया। शुक्रवार दोपहर के समय दोनों के परिवार वाले गर्मी में घरों में मौजूद थे, तभी दोनों घरों से बाहर निकल आए।

दोनों भूसे भरे टीन शेड में जाकर फांसी के फंदे पर लटक गए। फंदे दोनों इतने करीब थे कि शव आपस में बिल्कुल सटे हुए लटक रहे थे। जिससे इस बात की भी पुष्टि होती है कि दोनों के बीच बेइंतहा प्रेम था और दोनों एक साथ जीने मरने की कसमें खा चुके थे।

**गांव खेड़ा जलालपुर में 60 लोगों को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, धनराशि लेकर भी नहीं करा रहे निर्माण**

# रिश्वत लेकर मिला प्रधानमंत्री आवास, फिर क्यों कराएं निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास में अवैध वसूली को लेकर उसावां ब्लॉक पहले ही प्रदेश भर में बदनाम हो चुका है। पात्रों अपात्रों से धनराशि की वसूली को लेकर तकनीकि सहायक, डूडा अधिकारी सहित कई कर्मचारियों पर पहले ही गाज गिर चुकी है। अब एक और मामला उसावां ब्लॉक में सामने आया है।

यहां के गांव खेड़ा जलालपुर में 60 लोगों को पीएम आवास का लाभ दिया गया। पूरी धनराशि मिलने के बाद भी आवास नहीं बनाया। जिसकी पोल तब खुली जब जांच करने के लिए बीडीओ गांव पहुंचे। बीडीओ ने पूरे प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। साथ ही लोगों को आवास निर्माण कराने को कहा है। चेतावनी दी है कि अगर आवास नहीं बनाया तो संबंधित से रिकवरी की जाएगी। ब्लॉक उसावा क्षेत्र के ग्राम खेड़ा जलालपुर में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी मनीष सिंह वर्मा विगत वर्ष में आवंटित हुए प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पता चला कि गांव में करीब 60 ऐसे लोग हैं, जिन्हें पीएम आवास का लाभ मिला है। सभी को तीनों किस्तें भी मिलीं लेकिन आवास का निर्माण न करके धनराशि खर्च कर ली है। बीडीओ ने उन सभी लोगों को पंचायत घर पर बुलाकर आवास न बनाने का कारण पूछा। जिस पर लोगों ने बताया कि गांव पर पूर्व में कार्यरत सचिव और एक स्थानीय नेता ने उनसे प्रति आवास पर 20 हजार रुपए रिश्वत ली थी। जब उन्हें रिश्वत देकर ही आवास मिला है तो वह आवास क्यों बनाएं। बीडीओ ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। साथ ही लोगों को आवास बनाने के लिए कहा।



खेड़ा जलालपुर में कागज चेक कर प्रमाण पत्र देते खंड विकास अधिकारी मनीष सिंह।

- **गांव में जांच को बीडीओ पहुंचे तब खुली व्यवस्था की पोल**

### बिना जीओ टैगिंग कर दे दी गई शेष धनराशि

ग्रामीण पीएम आवास के लिए लाभार्थी को 1.30 लाख रुपये मिलते हैं। जिसमें प्रथम किस्त के तहत लाभार्थी को 70 हजार रुपये दिए जाते हैं। शेष धनराशि लाभार्थी को तब दी जाती है जब वह आवास का ढांचा तैयार कर ले। इसके लिए ब्लॉक का कर्मचारी लाभार्थी को खड़ा करके निर्माणाधीन आवास का फोटो खींचकर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड करता है। इसके बाद उसे दूसरी और आवास पर लिंटर पड़ने के बाद तीसरी बार जीओ टैगिंग कर शेष धनराशि जारी कर दी जाती है। जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवालिया निशान है कि जब पहली किश्त के बाद ही जियो टैगिंग की जाती है और फिर अगली किश्त मिलती है तो बिना निर्माण शुरू कराए तीनों किश्त कैसे दे दी गई।

गांव खेड़ा जलालपुर में पिछले वर्ष दिए गए प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण करने गए थे। कुछ लाभार्थी ऐसे मिले जिन्होंने धनराशि लेने के बाद आवास नहीं बनाया है। कारण जानने पर लोगों ने बताया कि आवास दिलाने के बदले उनसे 20 हजार रुपए की वसूली की गई। जो धनराशि मिली उससे आवास नहीं बन सकता इसलिए निर्माण नहीं कराया। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। लोगों से आवास बनवाने को कहा है। अगर आवास का निर्माण नहीं कराया गया तो उनसे रिकवरी की जाएगी।
**–मनीष सिंह वर्मा**, खंड विकास अधिकारी उसावां

## एक नजर

### डीजे बजाने पर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

पसगवां। अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम मकसूदपुर में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराया है। गांव मकसूदपुर के रहने वाले उदय प्रताप पटेल पर आरोप है कि वह तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। जिसका दूसरे पक्ष के निर्मल ने विरोध किया। सह उसे नगवार गुजरा। आरोप है कि गुस्से में निर्मल और उसकी पत्नी ने राधेश्याम के घर में घुसकर मारपीट कर राधेश्याम को घायल कर दिया। उसे बचाने आई बहू सीमा देवी के साथ मारपीट की। दूसरे पक्ष के निर्मल ने उदय प्रताप पटेल सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया है, जिसमें निर्मल और उसकी पत्नी चोटिल हो गई। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया गया है।

### जमीन भूमिधरी के नाम पर एक लाख की ठगी

सिंगाही, अमृत विचार : ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया निवासी दिलीप मौर्या ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम से 11 जुलाई 2016 को 0 .34 हेक्टेयर जमीन का पट्टा बना था, किन्हीं कारणों के चलते वह जमीन भूमिधरी नहीं हो पाई थी। गांव नौबाना निवासी एक व्यक्ति ने अपने दो साथियों की मदद से उससे एक लाख रुपए ले लिए और भूमिधरी करवाने का वादा किया। 8 महीने बीत जाने के बाद भी जमीन भूमि धरी नहीं हुई है। आरोप है कि उसे भूमिधरी के फर्जी कागज बनाकर आरोपियों ने दे दिए। रुपये वापस मांगने पर जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ओवरलोडिंग रोकने को कराई जाएगी चेकिंग

बरेली, अमृत विचार : ओवरलोडिंग रोकने के लिए आरटीओ अब मंडल के दूसरे जिलों से अधिकारियों से चेकिंग कराएंगे। इसके लिए सोमवार से टीमें गठित कर अभियान चलाया जाएगा। वहीं डीएम की नाराजगी के बाद अब टोल प्लाजा से भी ओवरलोड वाहनों की सूचना परिवहन विभाग को दी जा रही है। डीएम ने टोल प्लाजा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड से आने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के एआरटीओ और पीटीओ की अलग-अलग टीम बनाकर दूसरे जिलों में ओवरलोडिंग वाहनों की चेकिंग की जाएगी। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा से सूचना मिलने से काफी हद तक ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगी है। ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई के लिए अब दूसरे जिलों के अधिकारियों से चेकिंग कराई जाएगी।

# जमीन अधिग्रहण के विरोध में टंकी पर चढ़े किसान, 10 घंटे बाद माने

## बोले- नहीं देंगे आवास विकास को जमीन, चाहे देनी पड़े जान, सीडीओ ने दिया आश्वासन

कार्यालयू, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: आवास विकास परिषद पर जबरन जमीन अधिग्रहण करने का आरोप लगाते हुए गांव राजपुर के 50 से अधिक किसान शुक्रवार की सुबह तड़के बिलोबी तिराहा के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। किसान जमीन अधिग्रहण को निरस्त करने की मांग उठाते हुए प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। योग दिवस के कार्यक्रम से अफसर सीधे मौके पर पहुंचे। उधर, आवास विकास परिषद के एक्सईएन के आने पर सीडीओ टंकी पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने भूमि का अधिग्रहण न होने और मामले का दो दिन में निस्तारण का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग माने और करीब 10 घंटे के बाद टंकी से नीचे उतरे। इस दौरान पुलिस व प्रशासन के हाथ पांव फूले रहे।

गांव राजापुर और पिपरिया गांव के 200 से ज्यादा किसानों की करीब 317 एकड़ कृषि योग्य उपजाऊ भूमि को आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए अधिग्रहण किए जाने को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने वर्ष 2010 में नोटिफिकेशन किया था। उसी के बाद से ही किसान बराबर इसका विरोध कर रहे हैं। गुस्साए किसान पानी की टंकी पर पहुंच गए और करीब 50 से अधिक किसान पानी की टंकी पर चढ़ गए। तमाम टंकी के नीचे महिलाओं के साथ बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे। योग दिवस में अधिकारियों को जब इसकी जानकारी हुई तो एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, तहसीलदार, सीओ और शहर कोतवाल अंबर सिंह मौके पर पहुंचे। फायर बिग्रेड की गाड़ी को भी मौके पर बुला लिया गया। एसडीएम ने किसानों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन किसान नहीं माने।


विलोबी हाल के सामने पानी की टंकी पर चढ़े किसान।

### किसान बोले, अधिग्रहण में ही चली गई जमीन... जो बची उसे भी छीन रहे

किसानों का कहना था कि वर्षों पहले पांच बार में कृषि उत्पादन मंडी समिति, आईटीआई कॉलेज, इंडस्ट्रियल एरिया, पुरानी आवास विकास कॉलोनी और डायट कॉलेज के लिए उनकी सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। अब जो छोटे-छोटे जमीन के टुकड़े किसानों के पास बचे हैं। उसे भी छीना जा रहा है। काफी प्रयास के बाद भी एसडीएम की जब किसानों ने नहीं सुनीं तो उन्होंने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। तब आवास एवं विकास परिषद के एक्सईएन लखनऊ से यहां पहुंचे। उनके साथ सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम अरुण कुमार ने किसानों की बात सुनी। सीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी जमीन का अब अधिग्रहण नहीं होगा। दो दिन के भीतर प्रशासन आवास एवं आवास एवं विकास परिषद के साथ मिलकर मामले का निस्तारण कराएगा। तब जाकर किसान माने और करीब दस घंटे बाद टंकी से नीचे उतरे।

### सांसद का किसानों को समर्थन

लखीमपुर खीरी। खीरी के सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ टंकी परिसर पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि वह किसानों के साथ हैं और गलत तरीके से किए जा रहे अधिग्रहण का विरोध करते हैं।


आंदोलनरत महिलाओं व किसानों को समझाती एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह।


टंकी परिसर में अभिलेखों का निरीक्षण करते एडीएम अरुण कुमार सिंह व मौजूद सीडीओ अनिल सिंह।

### और योग कार्यक्रम से भागे अफसर...

लखीमपुर खीरी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस होने के कारण शुक्रवार की भोर से प्रशासन और पुलिस के अफसर राजापुर मंडी समिति में तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच उन्हें किसानों के पानी के टंकी पर चढ़े होने की सूचना मिली। इस पर अफसरों को पसीना छूट गया। एसडीएम, तहसीलदार, एएसपी, नगर पालिका ईओ समेत कई अधिकारी और कर्मचारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। जिन्हें किसानों को मनाने में ही पूरा समय बीत गया।

# पेड़ छांट रहे मजदूर की करंट से मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


घटना की जानकारी लेते सीडीओ अनिल सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार: कचहरी परिसर में पेड़ की छंटाई कर नीचे उतर रहा एक मजदूर करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी पेड़ से नीचे गिरकर मौत हो गई। परिवार वालों ने कचहरी परिसर में शव रख दिया और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा दिलाये जाने की मांग करने लगे। मौके पर एडीएम के साथ पहुंचे सीडीओ ने परिवार वालों को ढांढस बंधाया और उन्हें मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना फरधान के गांव मनिकापुर निवासी मटरू ने बताया कि गांव रुकंदीपुर निवासी ठेकेदार कचहरी में पेड़ छंटवाने के लिए छह लोगों को मजदूरी पर लेकर लेकर आया था। साथ में वह, उसके दो पुत्र संजय कंजड़ और अक्षय लाल के साथ ही थाना खीरी के गांव हरदासपुर निवासी राजकुमार, विनोद, मनिकापुर निवासी जयलाल भी थे। अधिवक्ता चैंबर के पास उनका बड़ा बेटा संजय कंजड़ (25) पेड़ पर चढ़कर टहनियां काट रहा था। इसी बीच उसे करंट लगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सीडीओ अनिल सिंह ने परिवार वालों को समझा बुझाकर शांत कराया और उन्हें हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि पेड़ छांटने के दौरान हादसा हुआ है, जिसमें मजदूर की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# कम्बाइन बैक करते समय दबकर किशोर की मौत

संवाददाता, बिजुआ/भानपुर

अमृत विचार: खेत में साठा धान काट रही कम्बाइन मशीन के चालक द्वारा बिना संकेत दिये बैक कर देने से इटकुटी निवासी कार्तिक पुत्र ओमप्रकाश गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी बिजुआ ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


कार्तिक (फाइल फोटो)

थाना भीरा क्षेत्र के गांव इटकुटी निवासी ओमप्रकाश का पुत्र कार्तिक (12) शुक्रवार सुबह पास के गांव चमरुटांडा में साठा धान की फसल कटा रहे खजांची के खेत में दोस्तों के साथ पुआल लेने गया था। बताया जाता है कि अचानक कम्बाइन चालक ने बिना कोई संकेत, हॉर्न दिए कम्बाइन को पीछे की तरफ बैक कर दिया। जिससे कार्तिक कम्बाइन की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में कार्तिक को उठा कर बिजुआ सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे भीरा थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी, बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बिजुआ निवासी से सच्चिदानंद पांडेय की कंबाइन मशीन को भीरा पुलिस ने अपने कब्जे में ली है।

# नहर में उतराता मिला शाहजहांपुर के युवक का शव

उचौलिया। अमृत विचार: शाहजहांपुर के पुवायां थाना क्षेत्र से तीन दिन से लापता युवक का शव उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बनकागांव के पास शारदा नहर में मिला है। शव की शिनाख्त मृतक के परिवार वालों ने सत्यदेव पुत्र शिवसागर लाल निवासी नरोला खुर्द थाना पुवायां शाहजहांपुर के रूप में की है। परिवार वालों ने बताया कि सत्यदेव बुधवार को पुवायां से नाहिल मार्केट गया था, लेकिन वह घर वापस नहीं आया। परिजनों ने तलाश शुरू कर दी, कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। घर वालों ने पुवायां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उचौलिया थाना क्षेत्र की शारदा नहर में शव उतराता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। लगभग डेढ़ घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तब शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव निकलवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।


सत्यदेव (फाइल फोटो)

# घर से भागकर प्रेमी युगल ने घाघरा बैराज में लगाई छलांग

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार: एक ही गांव से एक साथ भागे प्रेमी युगल ने लखीमपुर खीरी की सीमा पर बहराइच जिले में स्थित घाघरा बैराज पहुंच गए और दोनों ने एक साथ नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने युवक का शव बरामद कर लिया, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका है। शव बरामद होने से मृतक के घर में चीख पुकार मची हुई है।

पढुआ थाना क्षेत्र के गांव ढखेरवा निवासी सरोज अवस्थी के पुत्र अभिषेक अवस्थी का पड़ोस के ही भारत भार्गव की पुत्री पूजा भार्गव के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह अभिषेक अपनी बाइक से पूजा को लेकर गांव से भाग निकला। गुरुवार को दोनों लखीमपुर-खीरी व बहराइच जिले की सीमा पर बहराइच के थाना सुजौली क्षेत्र में स्थित घाघरा बैराज से छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को नदी में उतारकर तलाश कराई तो अभिषेक अवस्थी का शव नदी से बरामद हुआ। कुछ दूरी पर तलाश कर रहे गोताखोरों को पूजा का दुपट्टा भी मिला है। घटनास्थल से बाइक भी बरामद हुई है। बाइक की डिग्गी से लड्डुओं के प्रसाद का डिब्बा मिला है। परिजन अनुमान लगा रहे हैं कि युवक-युवती घर से गायब होने के बाद पहले शारदा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर गए, जहां दोनों ने प्रसाद चढ़ाया। किसी डर से वापस घर न आकर ढखेरवा होते घाघरा बैराज पहुंचे और घाघरा नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। उधर, युवती के पिता ने गुरुवार को पढुआ थाने में आरोपी अभिषेक अवस्थी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

# आईवीआरआई में अब फार्मेलीन की दुर्गंध से परेशान नहीं होंगे छात्र

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के एनाटॉमी विभाग ने हड्डियों को एकत्र करने और संरक्षित रखने के लिए नया कमरा बनाने का निर्णय लिया है। इससे छात्रों को अब फार्मेलीन की तीखी दुर्गंध से परेशानी नहीं होगी और विच्छेदन कार्य में आने वाली समस्याएं भी कम होंगी।

अब तक हड्डियों को संरक्षित रखने का काम विभाग के अंदर ही किया जाता था। इससे फार्मेलीन की दुर्गंध पूरे विभाग में फैल जाती थी, जिससे छात्रों और स्टाफ को काफी असुविधा होती थी। आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अमर पाल ने बताया कि नए कमरे के निर्माण से एनाटॉमी विभाग के कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार होगा। संस्थान के छात्रों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वंदेभारत, राजधानी समेत दो दर्जन ट्रेनें ब्लॉक में अटकीं, यात्री रहे परेशान

- राज्यरानी, अवध असम, सियालदह एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें घंटों हुईं लेट
- ट्रेनों का इंतजार करते-करते गर्मी में निकला यात्रियों का पसीना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दुगनपुर यार्ड में ब्लॉक में शुक्रवार को वंदेभारत, राजधानी समेत दो दर्जन ट्रेनों फंस गईं। ट्रेनों की देरी से नाराज यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से शिकायत की। बरेली जंक्शन पर दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं।

मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि दुगनपुर यार्ड में 26 जून तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को 20503 नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस आठ घंटा, 20504 डिब्रुगढ़ राजधानी एक घंटा, 15211 जननायक 2 घंटा 41 मिनट, 12469 जम्मूतवी सुपरफास्ट तीन घंटा, 22454 राज्यरानी 2 घंटा 14 मिनट, 13152 सियालदह 2 घंटा 37 मिनट, 15910 अवध असम 1 घंटा 36 मिनट, 22546 वंदे भारत चार घंटा, 12332 हिमगिरी 10 घंटा 14 मिनट, 04060 जयनगर समर स्पेशल दो घंटा और 04314 मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 1 घंटा 30 मिनट लेट हो गई।

### आज यह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

20504 राजधानी और 12204 सहरसा गरीबरथ 75 मिनट, 04096 अयोध्या समर स्पेशल 180 मिनट देर से चलेगी। इसके अलावा 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 45 मिनट नियंत्रित होगी।

### 30 किलोमीटर के सफर में दो घंटे लेट हो गई ट्रेन

12583 डबल डेकर एसी एक्सप्रेस में सफर कर रहे शुभनीश शुक्ला ने रेलवे से शिकायत की ट्रेन के चार घंटा से अधिक लेट होने से बच्चे परेशान हो गए हैं। आनंद विहार साप्ताहिक में सफर कर रहे लवकुश कुमार ने कहा कि भयंकर गर्मी में भी रेलवे को लगता है कोहरा दिख रहा है। नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रहे नीलांचल त्रिवेदी ने कहा कि ट्रेन तो हर सिग्नल पर रुक रही है। 30 किलोमीटर की दूरी में ही दो घंटा लेट हो गई है।

# नौचंदी एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग की मौत

बरेली, अमृत विचार : नौचंदी एक्सप्रेस में शुक्रवार को बुजुर्ग यात्री की तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। 14241 नौचंदी एक्सप्रेस के एस-7 कोच की बर्थ नंबर 65 पर अमेठी के थाना जायस के गांव मकदूमपुर निवासी 76 वर्षीय रामनाथ सफर कर रहे थे। वह परिवार के साथ मुजफ्फरनगर जा रहे थे। बरेली से पहले अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने टीटीई को बताया तो कंट्रोल रूम से मेसेज दिया गया।

बरेली जंक्शन पर मेडिकल टीम ने जांच की तो बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

### मां ने खेत पर काम करने को कहा तो किशोरी घर छोड़कर आ गई

बरेली, अमृत विचार : अलीगढ़ पैसेंजर में गुरुवार शाम एक महिला को 15 वर्षीय किशोरी रोते हुए मिली। महिला ने बरेली जंक्शन जीआरपी को बच्ची के सुपुर्द किया। इसके बाद उसे रेलवे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया। किशोरी ने बताया कि वह अलीगढ़ के अतरौली तहसील की रहने वाली है। घर में मां अक्सर उसकी खूब पिटाई करती हैं। मां उस पर खेत में काम करने का दबाव बनाती हैं लेकिन उसे खेत में काम करना बिल्कुल पसंद नहीं। बुधवार को मां ने पीटा तो ट्रेन में बैठ गई। रेलवे चाइल्ड लाइन की सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया शुक्रवार को किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# ऑनलाइन शपथ ग्रहण कराने में तीसरे स्थान पर रहा रुविवि

बरेली, अमृत विचार : विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में 12 से 18 जून तक ऑनलाइन शपथ ग्रहण कराने में रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों की ओर से 26 लाख 22 हजार 467 ऑनलाइन शपथ ग्रहण कराई गईं, जिसमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 2 लाख 11 हजार, 805 शपथ ग्रहण कराईं। शुक्रवार को राजभवन में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने इसे रिकार्ड में दर्ज किया। एक लाख से अधिक शपथ ग्रहण कराने वाले विश्वविद्यालयों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय से प्रो. एसके पांडेय, प्रो. संजय गर्ग, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. अमित सिंह और डॉ. नीरज कुमार मौजूद रहे।

# अलंकार योजना से माध्यमिक स्कूलों की दशा सुधारने की तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग

- शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों से 35 बिंदुओं पर मांगी रिपोर्ट
- जिन स्कूलों में मिलेगी कमी, वहां पर सुधारी जाएगी व्यवस्था

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : शिक्षण सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए शासन ने अलंकार योजना के तहत 35 बिंदुओं पर ने माध्यमिक स्कूलों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर स्कूलों में पेयजल, बेंच, कुर्सी, मरम्मत कार्य आदि जरूरी सुविधाएं सुदृढ़ कराई जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से इस माह के अंत तक यह रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेजी जाएगी।

विभाग के अफसरों का कहना है कि सभी माध्यमिक स्कूलों से लैब, लाइब्रेरी, पेयजल, बाउंड्रीवॉल, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और विद्युत आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में सूचना मांगी गई है। कई माध्यमिक विद्यालयों में लंबे समय से बाउंड्रीवॉल नहीं है। इसके अलावा कई स्कूल ऐसे हैं जहां बिजली के कनेक्शन भी नहीं हैं। पेयजल के लिए भी सबमर्सिबल या मोटर की व्यवस्था नहीं होने की वजह से अक्सर पठन-पाठन में समस्या आती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि माध्यमिक विद्यालयों को सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है। इसको लेकर ही जानकारी मांगी गई है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि इस माह के अंत तक स्कूलों से रिपोर्ट तैयार करा कर शिक्षा निदेशालय को भेज दी जाएगी।

**इन बिंदुओं के बारे में देंगे रिपोर्ट:** सूत्रों के अनुसार विद्यालय में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजलस्रोत की सुविधा, सबमर्सिबल पंप और वॉटर टैंक के साथ नल-जल की व्यवस्था, शौचालय और यूरिनल, हाथ धोने के लिए हैंड वॉशिंग यूनिट, सेनिटरी पेड वेंडिंग मशीन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, दीवारों की रंगाई-पुताई के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

इसके अलावा विद्युत कनेक्शन, दिव्यांगों के लिए रैंप, कंप्यूटर लैब, छात्र-छात्राओं के लिए डेस्क और बेंच, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान की प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल का मैदान और खेलकूद सामग्री, सोलर प्लांट, सीसीटीवी, साइकिल स्टैंड, बहुउद्देश्यीय हॉल, प्रधानाचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, वाईफाई की सुविधा को लेकर भी रिपोर्ट दी जाएगी। इसके बाद जिन स्कूलों में इन 35 मानकों की कमी मिलती है, वहां पर उन्हें पूरा कराया जाएगा।

# सीएआरआई और एमिटी विश्वविद्यालय में शोध करार

बरेली, अमृत विचार: केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर व अमेटी विश्वविद्यालय नोएडा के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समझौता हुआ। समझौता ज्ञापन पर संस्थान की ओर से निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी व एमिटी विश्वविद्यालय की ओर से कार्यकारी रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. राज कमल कपूर ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू डॉ. संदीप सरन व डॉ. जयदीप रोकडे के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर अमेटी विश्वविद्यालय के सहायक प्राचार्य डॉ. धनंजय एस गायकबाड़, डॉ. सिम्मी तोमर, वैभवी कटरू व दीपक सिंह आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे 2 पुत्र है - जिनका नाम क्रमश: 1. अमित कुमार राठौर 2. विमल कुमार राठौर है जिनमें से मैंने अपने पुत्र विमल कुमार राठौर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सारे रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सरोकार नहीं होगा। तारा राठौर पत्नी ओमप्रकाश निवासी 226 बिलसंड़ा जिला पीलीभीत

सूचना
मेरे 2 पुत्र है - जिनका नाम क्रमश: 1. अमित कुमार राठौर 2. विमल कुमार राठौर है जिनमें से मैंने अपने पुत्र विमल कुमार राठौर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सारे रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सरोकार नहीं होगा। तारा राठौर पत्नी ओमप्रकाश निवासी 226 बिलसंड़ा जिला पीलीभीत

सूचना
मैं अपना नाम पहले जगदीश कुमार सक्सेना लिखता था तथा अब मैंने उसे बदलकर जगदीश सक्सेना कर लिया है। भविष्य में मुझे अब जगदीश सक्सेना के नाम से जाना व पहचाना जाये। जगदीश सक्सेना पुत्र श्री हरिओम सक्सेना नि. निरंजन कुंज कॉलोनी, पीलीभीत

REQUIRE DOCTOR
Male B.A.M.S./M.B.B.S. Doctor at least 2 year experience, is required by 49 baded hospital in Puranpur. Interested Candidate may attend interview on 25th June 2024 at 11:00 am.
Contact: 7088187800, 9690733522, 8171181793
Send Rsume on E-mail: sanjaynursing@rediffmail.com
Sanjay Hospital, Near Gomti Gurudwara Puranpur Pilibhit Road, U.P.

सूचना
मेरे पुत्र अजय सिंह की मृत्यु हो चुकी है तथा मैंने अजय की पत्नी नीतू एवं उसके बच्चे को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। जागन सिंह पुत्र छुटटू सिंह निवासी ग्राम देवी तहसील आंवला जिला बरेली।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।




# उपसा का अंडरपास निर्माण के लिए फिलहाल अभी रेड सिग्नल

- 15 दिन बीतने के बावजूद हाईवे के नीचे काम नहीं हुआ शुरू
- रेलवे लाइनों के नीचे से होकर यह अंडरपास गुजर रहा है।

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : यांत्रिक कारखाना अंडरपास के निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण (उपसा) की ओर से अभी तक रेलवे को अनुमति नहीं मिली है, जबकि रेलवे ने अपना काम 15 दिन पहले पूरा कर लिया है। अब सिर्फ हाईवे के नीचे सड़क को काटकर अंडरपास का काम होना बाकी है।

रेल प्रशासन ने ब्लॉक लेकर यांत्रिक कारखाना अंडरपास के लिए सेगमेंट बॉक्स रखने का काम पूरा कर लिया था। डीआरएम कार्यालय से यांत्रिक कारखाना को जाने वाली सड़क के पास से होते हुए रेलवे लाइनों के नीचे से होकर यह अंडरपास गुजर रहा है। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी कई स्तर पर उपसा के अधिकारियों से बात कर चुके हैं, बावजूद इसके उपसा का हाईवे के नीचे खुदाई के काम को रेड सिग्नल जारी है।

इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि जब तक उपसा से अनुमति नहीं मिलेगी तब तक काम नहीं शुरू हो सकता है।

### श्मशान भूमि अंडरपास के नीचे रखे जाएंगे बॉक्स

रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रासिंग पर भी अंडरपास का काम किया जा रहा है। अभी खोदाई ओर सेगमेंट बॉक्स की कास्टिंग भी हो रही है। जल्द ही सेगमेंट बॉक्स रेलवे लाइनों के नीचे रखे जाएंगे। इसके लिए ब्लॉक लिया जाएगा।

## 26 दिसंबर तक चलेगी काठगोदाम मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल मंडल ने मुंबई जाने वाली स्पेशल ट्रेन को 26 जून तक चलाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मुंबई सेंट्रल से चलाई जा रही 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल ट्रेन के संचालन की अवधि 25 दिसम्बर और काठगोदाम से चलाई जा रही 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है।

इसके अलावा एक समर स्पेशल ट्रेन गोरखपुर के रास्ते अंबाला सहरसा चलाई जाएगी। 04520 अंबाला-सहरसा स्पेशल ट्रेन 24 जून को अंबाला से 19:45 बजे चलकर देर रात 02:27 बजे बरेली जंक्शन से रवाना होगी और तीसरे दिन 04:15 बजे सहरसा पहुंचेगी।

# समझौता कराने के नाम पर रिश्वत लेता सिपाही गिरफ्तार, दारोगा पर भी रिपोर्ट

### छेड़छाड़ के मामले में समझौता कराने के लिए मांगे थे 50 हजार रुपये

संवाददाता, कादरचौक/उझानी

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम ने छेड़छाड़ के आरोप के मामले में समझौता कराने के नाम पर एक हेड सिपाही को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। घूस की हिस्सेदारी में दारोगा का नाम भी सामने आया लेकिन वह थाने में नहीं मिला। एंटी करप्शन टीम सिपाही को कोतवाली उझानी ले गई। जहां दारोगा और सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सिपाही को बरेली ले गई। देर शाम आरोपी दारोगा और सिपाही को निलंबत कर दिया गया।



आरोपी सिपाही प्रवेंद्र सिंह।

- **सिपाही बोला- दारोगा की शह पर लिए रुपये, दोनों पर रिपोर्ट दर्ज**

> शिकायत मिलने पर टीम ने ट्रैप किया था। 20 हजार रुपये रिश्वत लेते एक सिपाही को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दारोगा का नाम सामने आया। दोनों के खिलाफ कोतवाली उझानी में रिपोर्ट दर्ज की गई है।
>
> **– यशपाल सिंह,** सीओ बरेली एंटी करप्शन।

एक महिला ने कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी लायक अली पुत्र मोहम्मद और उसके बेटों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाना कादरचौक पुलिस को तहरीर दी गई थी। लायक अली महिला का रिश्तेदार है। थाना कादरचौक में तैनात दारोगा महेश कुमार और जिला मुरादाबाद के थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव नगलिया शाहपुर निवासी हेड सिपाही प्रवेंद्र सिंह ने मामला पारिवारिक होने का फायदा उठाने की कोशिश की। गुरुवार को समझौता कराने के नाम पर दारोगा और हेड सिपाही ने लायक अली से 50 हजार रुपये की मांग की। कहा कि रुपये दे दो तो दोनों पक्ष को बैठाकर समझौता करा देंगे वर्ना रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया जाएगा। लायक अली ने रुपये न होने की बात कही तो दारोगा और सिपाही ने कहा था कि फिर तो जेल जाना पड़ेगा। इसके बाद 20 हजार रुपये में समझौता कराने की बात तय हुई। लायक अली ने पांच हजार रुपये भी दे दिए। दारोगा व हेड सिपाही और रुपये देने का दबाव बना रहे थे। परेशान होकर लायक अली बरेली की एंटी करप्शन टीम के पास पहुंचे और मामले से अवगत कराया। एंटी करप्शन टीम के ट्रैप प्रभारी निरीक्षक काशीनाथ उपाध्याय के नेतृत्व में टीम तैयार करके जाल बिछाया। शुक्रवार दोपहर लायक अली को रुपये लेकर अकेले थाना कादरचौक भेजा। थाना परिसर में जैसे ही सिपाही प्रवेंद्र सिंह ने उससे रुपये लिए वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। प्रवेंद्र ने कहा कि उसने दारोगा की शह पर रिश्वत ली थी। टीम आरोपी सिपाही को हिरासत में लेकर कोतवाली उझानी ले गई। टीम प्रभारी काशीनाथ उपाध्याय की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## फंदे पर मिला युवक का शव, चोट की वजह से हुई थी मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव अजरऊ निवासी रामौतार (49) पुत्र गिरवर का शव गांव के एक पुराने घर में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने जमीन के विवाद के चलते आत्महत्या करने की आशंका व्यक्त की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो हत्या का मामला सामने आया है।

युवक के सिर में खून जमा था। पसली टूटी और लीवर भी फटा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।रामौतार के भाई श्यामवीर के अनुसार दूसरे पक्ष ने उनकी साढ़े सात बीघा जमीन अपने नाम करा ली थी जबकि साढ़े चार बीघा जमीन के रुपये दिए।

जिस पर रामौतार ने दूसरे पक्ष पर मुकदमा दायर कर दिया था। गुरुवार शाम वह जमीन के रुपये मांगने गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे।

## मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्त रखता है योग

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के झंडा मैदान में बारिश के बीच लोगों ने खुद को स्वस्थ रखने के लिए योगासन किया। प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने गायत्री मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग, योगाभ्यास के दोहरे फायदों पर जोर देता है।

इसमें व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ाना और बड़े पैमाने पर समाज में सुधार करना है। उन्होंने अलग-अलग योगासन कराते हुए इसके फायदे भी गिनाए।उन्होंने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी दिनचर्या में अगर हम अपने पूरे दिन से एक घंटा योग को देते हैं तो इसमें वह शक्ति है, जिससे हम खुद से जुड़कर शरीर को पहचानने लगते हैं। इससे हम मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्त हो जाते हैं। डॉ. विदिना, डॉ. नीतू और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग नृत्य किया।

इस दौरान यूनिवर्सिटी की प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. सुशील कुमार ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एचके प्रेमी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक, वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. चीना गर्ग, डॉ. मधुसूदन आस्टेकर, डॉ. शिवलिंगेश केके, प्रशासनिक अधिकारी डेंटल कॉलेज चन्द्रशेखर कांडपाल, वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।





- **रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के झंडा मैदान में मनाया गया 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

**न्यायालय परगना अधिकारी न्यायिक मीरगंज बरेली**

वाद संख्या- 6068 सन् 2023

**झादेव शर्मा बनाम दीपिका शर्मा आदि**

ग्राम आनंदपुर, परगना शाही, तहसील मीरगंज, जिला बरेली।

....विपक्षी

दीपिका शर्मा पत्नी यतीश देव झा, निवासी मढ़ीनाथ, सुभाष नगर, बरेली न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि उक्त प्रतिवादी दीपिका शर्मा को सूचित किया जाता है कि आगामी तिथि 02.07.2024 में आप स्वयं या अपने वकील के साथ न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा एक पक्षीय आदेश आपके विरुद्ध कर दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी

**परगना अधिकारी, न्यायिक मीरगंज, बरेली**

## बीबी के इलाज का बिल जमा करने को लेकर ससुर की हत्या

संवाददाता, छजलैट (मुरादाबाद)

**अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर चौहरा में बदलू (60) का परिवार रहता है। उनके परिवार में दो बेटे और पांच बेटियां हैं। वर्ष 2021 में बदलू ने मझली बेटी तैयबा की शादी गांव बीबीपुर के अहमद हसन के बेटे रफीक से की थी।

परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए तैयबा को प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायतें भी हुईं, लेकिन उनका व्यवहार नहीं बदला। परेशान होकर तैयबा मायके आई गई। वह गर्भवती थी। आठ-10 दिन पहले उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई।

19 जून को पिता बदलू ने बेटी तैयबा को कांठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार रात बदलू ने अस्पताल से छुट्टी होने के बाद इलाज खर्च का बिल जमा करने के लिए दामाद रफीक से कहा तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। अस्पताल में ही रफीक और उसके भाइयों ने ससुराल वालों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे बदलू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, लगाया जाम

संवाददाता, उसावां/म्याऊं

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गांव धर्मपुर के पास ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी और एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने राजमार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने लगभग एक घंटे तक उन्हें समझाकर शांत कराया। परिजन शव पोस्टमार्टम के लिए लेकर चले गए।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव भसराला के वसीम (25), बहन चांदनी के साथ एक बाइक से अपनी ससुराल शाहजहांपुर एक शादी समारोह में जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर उसावां क्षेत्र में सौधामई पुलिया के पास पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार वसीम, शाहीन और चांदनी सड़क पर जा गिरे।



महिला की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- **पत्नी व बहन के साथ शाहजहांपुर में रिश्तेदारी में जा रहे थे गांव भसराला निवासी वसीम**
- **हादसे के बाद ट्रक छोड़कर भागे चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगाया जाम**

ट्रक का पहिया शाहीन के ऊपर से उतर गया। इससे उसकी शाहीन की मौके पर ही मौत हो गई और वसीम व चांदनी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक भाग गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों संग राजमार्ग जाम कर दिया। राजमार्ग से शव नहीं उठने दिया। सूचना पर उसावां पुलिस मौके पर पहुंची। जाम लगा रहे लोग ट्रक चालक को गिरफ्तार करके मौके पर लाने की जिद करने लगे। वह लोग राजमार्ग से हटने को तैयार नहीं थे तो पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। कहा जल्द ही ट्रक चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद लोग शांत होकर वहां से चले गए। तब जाकर आवागमन दुरुस्त हो सका। उसावां थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हुई थी। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत**

पत्रांक: 14/न.पं.ब./2024-25 दिनांक: 20.06.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

**(ODF++)**

**घोषित किये जाने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त वार्डो को खुले में शौच से मुक्त ओ.डी.एफ. + दिनांक 13.09.2019 को किया जा चुका था एवं नगर के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत क्षेत्र को (ODF++) से सम्बन्धित समस्त मानकों (लक्ष्य के अनुरूप सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हो गया है) को पूरा कर चुकी है। अतः नगर क्षेत्र को (ODF++) घोषित किया जाना है यदि किसी व्यक्ति/सामाजिक संस्थान को आपत्ति/सुझाव है तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभत में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप में प्राप्त करा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत** | **अध्यक्ष नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत**

# हत्या की साजिश के खुलासे के बाद जज ने शासन से की सुरक्षा की मांग

विधि संवाददाता

- **ज्ञानवापी केस की सुनवाई करने वाले रवि कुमार ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र**

**बरेली, अमृत विचार :** ज्ञानवापी केस की सुनवाई के बाद कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों से धमकी मिलने पर बरेली सेशन कोर्ट मे तैनात अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर जिला जज के जरिए प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर समुचित सुरक्षा मांगी है।

जज रवि कुमार दिवाकर ने इस पत्र में बताया है कि बनारस मे तैनाती के दौरान भी उन्हें इस्लामिक आगाज मूवमेंट का धमकी भरा पत्र मिलने पर उन्होंने 8 जून 2022 को केस दर्ज कराया था। इस संगठन ने पत्र में उन्हें काफिर और बुतपरस्त हिंदू न्यायाधीश बताते हुए कहा था कि विवादित भारत का मुसलमान अच्छी तरह जानता है कि वह ज्ञानवापी मस्जिद को उग्रवादी हिंदुओं के पोषक, नरसंहारक और भारत के उग्रवादी प्रधानमंत्री के दबाव में मंदिर घोषित कर देंगे और मुगलों को आततायी लुटेरा बता देंगे। उग्रवादी संगठन आरएसएस और तमाम अनुषांगिक उग्रवादी संगठनों के साथ मोदी ने गुजरात की तरह यूपी में दंगा कराने की साजिश रच ली है। बता दें कि बृहस्पतिवार को ही लखनऊ सेशन कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से भी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी को पत्र भेजकर इस्लामिक कट्टरपंथियों की ओर से जज रवि कुमार दिवाकर की हत्या की साजिश की जानकारी दी थी। पत्र में बताया गया था कि इंस्टाग्राम पर जज रवि कुमार दिवाकर के फोटो के साथ धमकी पोस्ट करने वाले भोपाल के अदनान खान को एटीएस ने गिरफ्तार किया, जिससे इस साजिश के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

### शाहजहांपुर में तैनात जज के भाई की सुरक्षा वापस लेने का भी जिक्र

जज रवि कुमार दिवाकर ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में शाहजहांपुर में तैनात सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी के पद पर तैनात अपने छोटे भाई दिनेश कुमार दिवाकर की सुरक्षा वापस ले लिए जाने का भी जिक्र किया है। कहा है कि उनके भाई को शासनादेश के तहत सुरक्षा प्राप्त थी लेकिन एसपी शाहजहांपुर अशोक मीना ने मई में निजी रंजिश के कारण उनकी सुरक्षा वापस ले ली। क्योंकि उनके भाई ने न्यायिक मजिस्ट्रेट रहते विवेचकों की ओर से प्रस्तुत कई प्रार्थनापत्र निरस्त किए थे।

# युवक की मौत, पुलिस ने चिता से उठाया शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की मौत हो गई। परिजन शव श्मशान घाट ले गए और चिता को आग लगा दी। युवक के ससुरालीजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस श्मशान घाट पहुंची और जलती चिता को बुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव जलने की वजह से पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

मामला कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मलखानपुर का है। गांव निवासी ब्रजेश (30) पुत्र पूरन राजमिस्त्री था। उनकी पत्नी माया पांच दिन पहले जिला रामपुर के मोहल्ला शाहबाद स्थित मायके गई थीं। गुरुवार रात लगभग 11 बजे ब्रजेश की मौत हो गई थी। परिजन शुक्रवार सुबह शव श्मशान घाट ले गए। चिता सजाकर मुखाग्नि दे दी। वहीं ग्रामीणों से सूचना मिलने पर माया और उसका मायका पक्ष श्मशान घाट पहुंचे। आरोप है कि ब्रजेश के परिजनों ने उनके साले सियाराम से मारपीट की। मृतक के ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पानी डालकर चिता बुझाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर सियाराम ने बताया कि ब्रजेश के चाचा जसवंत गांव में क्लीनिक चलाते हैं।

जो ब्रजेश और उसके पिता से मनमाफिक काम कराता है। गुरुवार को उसकी ब्रजेश से कहासुनी हो गई थी। उन्होंने पिता और चाचा पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। शव जलने की वजह से पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मृतक ब्रजेश।



मारपीट की जानकारी देता मृतक का साला सियाराम।

- **ससुराल वालों ने पिता और चाचा पर लगाया हत्या करने का आरोप**
- **गुरुवार को बिसौली के मलखानपुर निवासी ब्रजेश की हो गई थी मौत**

## मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से कूदी मानसिक मंदित महिला

**बदायूं,अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की लापरवाही की पोल खोल गई। मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से एक मानसिक मंदित महिला ने छलांग लगा दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया है। सूचना मिलने पर सिविल लाइन कोतवाली की पुलिस चौकी शेखूपुर की पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी की।

सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने 14 जून को शहर में घूम रही एक मानसिक मंदित महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वह बोल नहीं पा रही थी। जिला अस्पताल से महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग में भर्ती कराया। जिसकी देखभाल के लिए एक महिला सिपाही को लगाया गया। शुक्रवार को महिला अपने बिस्तर से उठी और चौथी मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। कॉलेज के प्रशासन के अनुसार महिला की हालत ठीक है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने बताया कि महिला कूद गई थी। उसका इलाज कराया जा रहा है।

### जी प्लस टू मॉडल का बनेगा सदर मालखाना, जमीन की तलाश

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में सदर मालखाना जर्जर स्थित में है। जगह कम और मुकदमों से संबंधित सामग्री अधिक होने से दिक्कतें होती हैं। यहां बैठने तक में समस्या होती है। प्रदेश के 40 जिलों में जी प्लस वन और 35 जिलों में जी प्लस 2 मॉडल के सदर मालखाने बनाने की सूची में बरेली का भी नाम शामिल है। मालखाना बनाने के लिए शासन से रिपोर्ट मांगी गई है। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि नया मालखाना बनाने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता**
**चतुर्थ उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि चतुर्थ उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली से सम्बन्धित निम्नलिखित नीलामी दिनांक–27.06.2024 को समय अपराहन 01:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, 117 सिविल लाईन बरेली में अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं नीलाम समिति के समक्ष सम्पन्न की जायेगी।

जो व्यक्ति नीलामी लेने का इच्छुक हो वह कृपया निश्चित तिथि समय व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्रमांक | नाम नीलाम | धरोहर धनराशि | नीलामी अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | अवसरा स्केप की मछली का नीलाम। | 1500.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक। |
| 2 | बैगुल बॉध के किमी0 0.00 से 7.900 तक डाउन स्ट्रीम भाग एवं यू0वी0सी0 फीडर नहर की दोनों पटरी पर खड़ी घास का नीलाम। | 600.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक। |
| 3 | ग्राम कुँवरपुर सिसैया भटटे की भूमि में स्थित तालाब में मछली का नीलाम। | 2500.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक। |

नोट–

1. उपरोक्त कॉलम 2 (नाम नीलामी) में अंकित नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पूर्व में नीलामी स्थल का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें एवं तदानुसार ही बोली लगाये इस संबंध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।
2. प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जारी/प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र एवं उपरोक्तानुसार धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/ड्राफ्ट/चैक के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली के नाम बन्धक/जारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नीलामी की शर्तों का उपखण्डीय कार्यालय में/सूचना पट पर अवलोकन के उपरान्त स्वीकार होने की लिखित सहमति देनी होगी।
4. नीलामी हेतु फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. सर्वोच्च बोली बोलने वाले को नीलामी बोली की 25 प्रतिशत धनराशि ड्राफ्ट के रूप में तत्काल जमा करनी होगी शेष बकाया धनराशि एक सप्ताह के अन्दर खण्डीय कार्यालय में जमा करनी होगी एवं उस पर देय समस्त कर (स्टैम्प शुल्क व अन्य) जमा करना अनिवार्य होगा ताकि नीलामी की स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जा सके, ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि एवं 25 प्रतिशत बोली धनराशि राजकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।
6. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। शासकीय हित में अपरिहार्य परिस्थितियों/अवश्यम्भावी घटनाओं/प्राकृतिक आपदा के घटित होने पर एक सप्ताह की पूर्व सूचना देकर नीलामी को निरस्त किया जा सकता है।
7. धरोहर धनराशि के रूप में जमा ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/चैक (बन्धक अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली) की धनराशि को नीलामी की धनराशि में शामिल नही किया जायेगा जिस व्यक्ति के नाम नीलामी छूटेगी उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि जमानत के रूप में विभाग में रहेगी, जिससे यदि नीलाम लेने वाले के द्वारा नहर बन्धे या नीलाम लेने वाले स्थान में कोई क्षति पहुँचायी जाती है तो उसी धनराशि से वसूला जायेगा और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी अन्यथा नीलामी अवधि समाप्त होने के 6 माह उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
8. नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता कोविड–19 के निर्देशों का पालन करते हुये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रहेगा।
9. उच्च बोलीदाता को नीलाम अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बरेली से नीलामी स्वीकृति होने के उपरान्त ही प्रदान किये जायेंगे।
10. शिकारमाही हेतु केवल निर्धारित मानक के जालों का प्रयोग ही मान्य होगा। प्रतिबन्धित साइज/भार 1.5 किग्रा0 से कम की भारतीय मेजर कार्प एवं महाशेर की मछली नही निकाली जा सकेगी। 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक शिकारमाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी।
11. प्रतिबंधित जल जीवों का बिल्कुल शिकार नही किया जायेगा। मछली मारने हेतु बिस्फोटक पदार्थ, जहरीली दबाओं एवं बिजली के करन्ट आदि का प्रयोग नही किया जायेगा।
12. कर्मचारियों पर अनुचित दवाव डालकर या आपराधिक बल प्रयोग की धमकी देकर जबरन सिंचन हेतु जमा की गयी बहुमूल्य जलराशि को व्यर्थ में बहाने पर तत्काल नीलामी को निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुसंगत धाराओं मे एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर बहुमूल्य जलराशि का मूल्य आंकलित कर सम्पूर्ण मूल्य जिलाधिकारी के माध्यम से बसूला जायेगा।
13. परिचालन में कोई हस्तक्षेप करने का अधिकार नही होगा।
14. बाजार भाव के घटाव या वढोत्तरी से होने वाले हानि या लाभ की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की नही होगी और न ही कोई मुआबजा सिंचाई विभाग द्वारा दिया जायेगा।
15. मत्स्य आखेट हेतु लगाये गये श्रमिक, संयत्र एवं सुरक्षा तथा श्रम कानूनों का अनुपालन नीलामी लेने वाले व्यक्ति को करना अनिवार्य होगा।
16. नीलाम लेने वाला व्यक्ति विना अनुमति सिंचाई विभाग की भूमि, भवन का प्रयोग अपने निजी व्यवसाय हेतु नही करेगा।

UP – 206336 दिनांक 20/06/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**सहायक अभियन्ता**
**चतुर्थ उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली**

**कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज बरेली**

पत्रांक:- 629/न.पं.मीर./2024-25 दिनांक 21.06.24

**विज्ञप्ति**
**बल्क वेस्ट जेनरेटर के लिए आवश्यक सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली 2016 के अनुसार नगर पंचायत मीरगंज बरेली में स्थित समस्त ऐसे संस्थानों/प्रतिष्ठानों जिनमें 100 kg या उससे अधिक तथा 200 या उससे अधिक व्यक्ति प्रति समारोह एकत्र होते हैं आपके द्वारा उत्पन्न कचरे को गीले कचरे व सूखे कचरे को पृथक्कीकृत कर गीले कचरे का स्वयं के साधनों से अपने ही परिसर में कम्पोस्टिंग के माध्यम से सुरक्षित निपटान करेगें एवं सूखे कचरे को नगर पंचायत मीरगंज की कूड़ा वाहनों को देना सुनिश्चित करेगें। नियमों का उल्लघंन व पालन न करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मीरगंज, जिला बरेली** | **अध्यक्ष नगर पंचायत मीरगंज, जिला बरेली**

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कंणलि0 शाखा बरेली से मलखान सिंह पुत्र जिलेदार सिंह नि. 61 पुरवा रोड सुभाष नगर केदारकुंज बरेली एक किता मकान रक्बई 83.61 वर्गमी. वाकै मोहल्ला सुभाष नगर पर. तह0 व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में रास्ता 20 फिट चौड़ा, पश्चिम में रास्ता 20 फिट चौड़ा, उत्तर में मकान विनोद खरबन्दा व दक्षिण में मकान जगपाल सिंह यादव है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व मूल बैनामा जो इकबाल नरायन खबन्ना द्वारा अजीज अहमद के पक्ष में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 07.06.1960 को बही सं0 1 जिल्द 1182 के पृष्ठ 1 से 2 व एडी.फा.बुक से. 4 जिल्द 1174 के सुफा 259 से 260 में नं0 2117 पर हुई है व पूर्व मूल मुहायदा बय जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 17.03.06 को फो0पु0सं0 1 खण्ड 1448 के सुफा 203 से 214 में नं. 1918 पर हुई है जो कहीं खो गये है जिसके खोने की सूचना दिनांक 16.06.2024 को ई–थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति /बैंक / संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया होम फाईनेंस कं. लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

सूचीबद्ध अधिवक्ता
एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कं.लि., बरेली
मो. 9319908378

अमिताभ भन्ज (एडवोकेट)
चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना
सिविल कोर्ट, बरेली
मो. 9319908378

**कार्यालय ग्राम पंचायत नाहिल विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाहिल बुजुर्ग की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि व सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, ई-रिक्शा, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 04 बजे तक दिनांक 22.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 27.07.2024 की 11:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान- श्यामू कश्यप** | **सचिव- शशिविन्द पाल**

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिश: शून्यास्त्वबान्धवा:।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

## संपादकीय

# लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

# मांसाहार, शाकाहार और पशु वध



डॉ .राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है, अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं, जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है, इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है, हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज, एक कॉकरोच, एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए, लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना, एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना, एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा, एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अत: जो प्राणी दु:ख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे, उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे, उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों, जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं, लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें, लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर, उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं, यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है, क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी, लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें, उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध, लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां, अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही, जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

## प्रसंगवश

# कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं, बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़, अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान, किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के, अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं था: 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की, किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया, तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है, "न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें, जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं, उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत अपनी विविध संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है, जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद, धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है, जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है, जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है, जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है, लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है, बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था, जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है, स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं, वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं, यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है, यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है, जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं, सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं, पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

# अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई, 1929 को नगर पालिका, नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है, पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त, 1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी, 1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र, अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तद्नुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

# ब्याज से आय पर राहत

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा, ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## अब मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप

**लखनऊ, अमृत विचार :** तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

# फिरोजाबाद में कैदी की मौत पर बवाल

## वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी, फायरिंग, कई पुलिसकर्मी हुए घायल

**फिरोजाबाद,एजेंसी**

फिरोजाबाद में बाइक चोरी के मामले में दो दिन पहले जेल गये कैदी की शुक्रवार को मौत हो गयी जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुये तोड़फोड़ की और पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया। जेल प्रशासन ने बीमारी से मौत होने का कारण बताया है। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। कैदी आकाश की मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की जिससे कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।

उपद्रवियों ने एम्बुलेंस और पुलिस वाहन पर तोड़फोड़ की और मोटर साइकिल मे आग लगा दी। पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने खुद पहुंच



उपद्रव के बाद हुई आगजनी और सड़क पर पड़े वाहन।

- **पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा**

कर मोर्चा संभाला। इस बीच भीम आर्मी के नेता एवं सांसद चन्द्रशेखर के पहुंचने की सम्भावना को लेकर क्षेत्र की सीमायें सील कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना दक्षिण क्षेत्र के नई आबादी निवासी नगला पचिया निवासी आकाश सिंह (25) को पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके साथ ही पुलिस ने शिवम सिंह निवासी हंस वाहिनी स्कूल वाली गली नाले की पुलिया हिमायूंपुर को भी जेल भेजा था। शुक्रवार सुबह आकाश की मौत हो गई। जेल अधीक्षक एके सिंह का कहना है कि 19 जून को चोरी के मामले में उसे जेल लाया गया था। गुरुवार रात उसकी तबियत खराब हुई थी। डाक्टरों ने जेल में उसे दवा दी और वह ठीक हो गया था। शुक्रवार सुबह पांच बजे अचानक फिर उसकी तबियत बिगड़ी। उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस एंबुलेंस में पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर शाम को उसके घर पर जा रही थी कि रास्ते में योजनाबद्ध तरीके से दलित समाज के लोगों ने सुहाग नगर चौराहे पर एंबुलेंस और पुलिस को घेर लिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गयी। मौके पर भीम आर्मी के समर्थक नेता और विधायक मनीष असीजा भी पहुंचे। क्षेत्र में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। लोगों की मांग रखी कि युवक की मौत के लिए दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और नौकरी भी दी जाए।

## लाड़ली मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाने का आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी :** बरसाना के लाड़ली मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाने के आरोपी एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ श्रद्धालुओं ने आरोपी को मंदिर की सीढ़ियों के पास कथित तौर पर मांस पकाते देखने के बाद उसकी पिटाई कर दी थी। पुलिस निरीक्षक अरविंद निरवाल ने बताया कि संजय नाम का व्यक्ति मंदिर के आसपास भीख मांगता था। गुरुवार की शाम कुछ श्रद्धालुओं ने उसे मंदिर की सीढ़ियों के पास कथित तौर पर मांस पकाते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 (पूजास्थल को अपवित्र करना) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी राजस्थान का रहने वाला है और पिछले कुछ वर्षों से बरसाना में रह रहा है। निरवाल ने बताया कि गुरुवार शाम जब कुछ श्रद्धालुओं ने संजय को मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाते हुए देखा तो उसकी पिटाई कर दी और उसे पुलिस को सौंप दिया।

## सार-संक्षेप

### युवक को लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर,एजेसी :** मुजफ्फरनगर में 20 वर्षीय युवक को कथित रूप से बिना उसकी सहमति के लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित के पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, युवक को ओम प्रकाश द्वारा यहां एक निजी अस्पताल में लाया गया था, जो पिछले दो वर्षों से उसका यौन शोषण कर रहा था। पुलिस अधीक्षक (शहर) सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित एक महीने से अपने घर से लापता था। यह भी पता नहीं है कि अस्पताल नियमित रूप से लिंग परिवर्तन सर्जरी करता है या नहीं। पुलिस ने गुरुवार को यह भी कहा था कि ओम प्रकाश करीब एक पखवाड़े पहले पीड़ित को अस्पताल लेकर आया था। पीड़ित के पिता के मुताबिक, उनके बेटे ने हाल में अपनी मां को फोन कर कहा था कि वह एक निजी अस्पताल में है तथा उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में उन्हें सूचित किया। ओम प्रकाश और निजी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर रजा फारूक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### बच्ची से दुष्कर्म के मामले में 47 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**सुलतानपुर,एजेंसी :** जिले में पांच वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में शुक्रवार को 47 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को पांच साल की बच्ची घर के बाहर खेलते हुए बाग की ओर चली गई, तभी गांव का ही वीरेन्द्र चौहान (47) बच्ची को बहला फुसलाकर खेत ले गया जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। थाना कोतवाली देहात के अधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर चौहान के खिलाफ दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

### राज्यकर सेवा संघ चुनाव में ज्योति बने दूसरी बार अध्यक्ष




**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यकर सेवा संघ के चुनाव के साथ ही इंदिरानगर प्रतिष्ठान में चल रहा वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पूरा हो गया। इस मौके पर संघ का नाम भी बदला गया। उप्र. राज्यकर सेवा संघ अब ''जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र'' के नाम से जाना जाएगा। वोटिंग के बाद देर शाम मतगणना का परिणाम आया। इसमें ज्योति स्वरूप शुक्ला को करीब 304 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत सिंह को 179 मत मिले। उन्हें पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद पर चुना गया है। शुक्ला मुजफ्फरनगर में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी के पद पर तैनात हैं। वहीं संरक्षक पद पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-वन रहे वाणिज्यकर अधिकरण वाराणसी के सदस्य आनंजेय कुमार रॉय को संरक्षक चुना गया है। महासचिव पद पर अरुणेश कुमार सिंह को चुना गया। उन्हें 239 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे पंकज लाल को181 वोट मिले।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा सरयू महोत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** आन्जनेय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री अवध सरयू महोत्सव में दूसरे दिन शुक्रवार को रामकथा के बाद देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरयू तट पर पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति अध्यात्म और भक्ति संगीत की अविरल गंगा जिसके त्रिवेणी में हजारों की संख्या में भक्त गोते लगा रहे है। कार्यक्रम के आयोजन महंत शशिकांत दास महाराज ने बताया कि रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसको देखकर यहां उपस्थित सैकड़ो लोग मंत्र मुग्ध हो गए।

## अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित होगी पीतल नगरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **मुरादाबाद को सात साल में विकसित करने का खाका खींचा**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है, वहीं इसकी पहचान और ओडीओपी में शामिल पीतल हैंडीक्राफ्ट के निर्माण और निर्यात उद्योग को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा।

उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के



साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप शिवालिक और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

## पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले मे सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। अदालत ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की ,आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया।

## एक संदिग्ध गवाही के आधार पर पूरे जीवन की सजा कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

- **हाईकोर्ट ने 46 साल पुराने हत्या के मामले में दोषी को किया बरी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 46 साल पुराने एक हत्या मामले के दोषी को बरी करते हुए ऐसी स्थिति को कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया, जहां पूरा मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी की गवाही पर टिका हो।

कोर्ट ने मजबूत और विश्वसनीय साक्ष्य के महत्व को रेखांकित करते हुए माना कि यह न केवल जांच एजेंसी की बल्कि अदालतों की भी जिम्मेदारी है कि वह जांचों का निष्पक्ष रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित न हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने इंद्रपाल और सोहनवीर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने माना कि मुकदमे के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य की उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्वीकार्यता का आकलन करने के



लिए मौखिक गवाही और दस्तावेजी साक्ष्य दोनों का संचयी प्रभाव सर्वोपरि है। न्यायालय को गवाहों के आचरण, गवाही की स्पष्टता और दस्तावेजी साक्ष्य की सत्यता का मूल्यांकन भी करना चाहिए। गवाहों की जांच वहां और भी आवश्यक हो जाती है, जहां उसे एक गवाही पर किसी का पूरा जीवन टिका हो। घटना वर्ष 1978 में एक गांव में घटित हुई थी, जिसमें सूचनाकर्ता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि वह अपने बेटे के साथ जब घर के बाहर सो रहा था, तभी अभियुक्त उसके घर में घुस आए और उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के पीछे मकसद था कि सह- आरोपी का मृतक की चचेरी बहन से अवैध संबंध था और इस संबंध को रोकने का प्रयास करने के परिणामस्वरूप उसकी (करमवीर) हत्या कर दी गई। हाईकोर्ट में अपील के लंबित रहने के दौरान ही सह-आरोपी की वर्ष 2011 में मौत हो गई। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह मौजूदा मामले में रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर यह सिद्ध नहीं होता है कि आरोपियों ने अपराध को अंजाम दिया है, क्योंकि चश्मदीद गवाह हमलावरों की पहचान नहीं कर सका है। इस आधार पर अपीलकर्ता संदेह का लाभ पाने का हकदार है।

# 60 साल बाद जागा मुशावरत

## आरएसएस की तर्ज पर देशभर में चलाया जाएगा अभियान

**जमीर सिद्दीकी, कानपुर**

- **1964 में गठित इस संगठन ने कांग्रेस को घुटनों पर ला दिया था**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद मुस्लिम संगठनों का एक संयुक्त संगठन आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत सक्रिय हो गया है। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत आरएसएस की तर्ज पर काम करेगा और सियासी पिलर भी तैयार करेगा। इस संगठन का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद परिवर्तन आ चुका है। वैसे तो ये संगठन 60 साल पुराना है लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद फिर मुशावरत सक्रिय हो गया है जिसके माध्यम से मुस्लिमों को जगाने का एक वृहद अभियान छेड़ा गया है। इसकी शुरुआत 9 जून को दिल्ली बैठक से हुई है, दूसरी बैठक लखनऊ में 25 जून को होगी जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

1964 में आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत में जमाअते इस्लामी हिंद, मुस्लिम मजलिस, मुस्लिम लीग, मुस्लिम कांफ्रेंस समेत कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के संगठन शामिल हुए थे। अब ये संगठन एक बार फिर मुसलमानों की नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में आ गया है। दिल्ली में 9 जून को डॉक्टर जफरुल इस्लाम खां को इसका अध्यक्ष चुना गया है।

**मुशावरत क्यों गठित हुआ था :** 1964 में जमशेदपुर में 22 युवकों को जिंदा जला दिया गया था, तब नेहरू की टीम में कांग्रेस के प्रमुख नेता सैयद महमूद को इस घटना ने बेचैन कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर पूरे देशभर के मुस्लिम संगठनों को मिलाकर आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत तैयार की और राजनिति में कूद गए। उसके बाद 1967 में लोकसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस को हराने के लिए आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत ने 9 सूत्रीय घोषणापत्र तैयार किया जिसके नतीजे में यूपी, महाराष्ट्र, बिहार समेत अन्य राज्यों में कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। जिससे उसे कुछ पार्टियों को मिलाकर सरकार बनानी पड़ी जिसमें आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के लोग शामिल थे।

### मुशावरत का एजेंडा

- प्रत्येक राज्य में मुशावरत की टीम का गठन करना प्राथमिकता में है।
- देशभर में छूटे मतदाताओं के नाम का मतदाता सूची में शामिल कराना।
- मुसलमानों को चुनाव के बारे में जागरूक करना।
- चुनाव के फायदे और नुकसान दोनों समझाने के लिए घर-घर जाएगी टीम
- संसद में विपक्ष काफी मजबूती से उभरा है, ऐसे में किसी भी समस्या का समाधान कराने के लिए विपक्षी पार्टियों से भी संपर्क करेंगे।

## नई बिजली दरों को लेकर नियामक आयोग जुलाई में करेगा जनसुनवाई

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकडे. समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उप्र. पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

### बिजली दरें कम कराने की तैयारी में उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहे हैं। सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।


## वर्ग पहेली-108

**बाएं से दाएं**

1. 1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8. 1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच-गान। इन सारे नाच-गानों के बीच-बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

**ऊपर से नीचे**

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3. 1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5. 1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।




### वर्ग पहेली -107 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 घा | | | 2 घो | 3 सी | |
| | टि | | 4 सं | | मं | |
| 5 सी | ता | | 6 शो | णि | त | |
| | ई | | धि | | | 7 दू |
| | | 8 कु | त | 9 बा | | रं |
| | | ढं | | ज़ा | | दे |
| 10 आ | वे | गी | | र | | श |

### सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 8 | 3 | | |
| | 1 | | | | | 4 | 8 | |
| 5 | | 4 | 9 | | | 2 | | 7 |
| | 6 | | 5 | | | 7 | | |
| 7 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | 3 | | 1 | |
| 4 | | 8 | | | 2 | 1 | | 6 |
| | 7 | 6 | | | | | 3 | |
| | | 2 | 7 | | | | 5 | |

### सुडोकू - 20 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा-06 .37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05 .12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 17 .54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।

**वृष** — आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।

**कर्क** — आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।

**सिंह** — आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई-झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।

**कन्या** — आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।

**तुला** — आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।

**धनु** — आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

**मकर** — आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कुंभ** — आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन** — आज शाम के समय किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा
सुबह : 09 .32
परदेसी बाबू
रात : 07 .00

&pictures
राधे
सुबह : 11.03
जिंदगी न मिलेगी दोबारा
रात : 08 .00

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो
सुबह : 09 .42
जॉन विक 3
रात : 08 .58

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं
दोपहर : 01 .48
सूर्यवंशी
रात : 08 .00

colors CINEPLEX
दिल
सुबह : 10 .24
अंधाधुन
रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी- नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति- मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर- लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट-बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर
लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 22 जून 2024

## अरहर, उड़द और मसूर की होगी शत-प्रतिशत खरीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को अरहर, उड़द और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद का आश्वासन दिया है।

चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार फसल विविधीकरण सुनिश्चित करने तथा दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अरहर, उड़द और मसूर की खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ हुई बैठक में कहा कि किसानों के पंजीकरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) तथा भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने ई-समृद्धि पोर्टल



● दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने दिया आश्वासन

शुरू किया है तथा सरकार पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से एमएसपी पर इन दालों की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है। दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी, ताकि आयात कम हो सके।

बैठक में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना जैसे प्रमुख दाल उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री मौजूद थे।

## गेहूं का सफर: खरीद से निर्यात तक

*भारत में गेहूं की खरीद, भंडारण, निर्यात और आयात कृषि और खाद्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू हैं। सरकार भारतीय खाद्य निगम और राज्य एजेंसियों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद करती है। भंडारण के लिए साइलो और गोदामों का उपयोग किया जाता है, जिससे अनाज की गुणवत्ता बनी रहती है। भारत प्रमुख रूप से बांग्लादेश, नेपाल, और श्रीलंका जैसे देशों में गेहूं का निर्यात करता है। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए कभी-कभी आयात भी किया जाता है। यह प्रक्रिया कृषि अर्थव्यवस्था को स्थिरता और किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।आईये इसके बारे में जानते हैं.....*

### खरीद
- **खरीफ और रबी :** गेहूं की खरीद रबी के सीजन में होती है। ये नवंबर-अप्रैल में होती है।
- **एजेंसियां :** मुख्य रूप से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां खरीद करती हैं।
- **मूल्य :** सरकार ने 2024 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था।
- **मात्रा :** 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद हुई।

### निर्यात
- **देश :** भारत गेहूं का निर्यात मुख्यत: बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूई) जैसे देशों में करता है।
- **मात्रा :** 2021-22 में भारत ने लगभग 7.85 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया।
- **मूल्य :** 2023 में गेहूं का निर्यात मूल्य 1.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- **नीतियां :** निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की है।

### आयात
- **आवश्यकता :** कभी-कभी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए और भंडारण में कमी होने पर भारत गेहूं का आयात करता है।
- **मात्रा :** 2023-24 में भारत ने 1,20,000 टन गेहूं आयात किया।
- **देश :** मुख्यत: रूस, यूक्रेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से गेहूं का आयात होता है।
- **शुल्क :** आयात पर लागू होने वाले शुल्क और टैक्स का प्रभाव भी देखा जाता है।

### भंडारण
- **क्षमता :** एफसीआई और राज्य एजेंसियों के पास लगभग 81.30 एमटी भंडारण की क्षमता है।
- **गोदाम :** भंडारण के लिए साइलो, गोदाम और खुले में भंडारण का उपयोग किया जाता है।
- **स्थिति :** 2022-23 में एफसीआई के पास 31 मिलियन टन गेहूं का स्टॉक था।



**खरीद**

| वर्ष | खरीद |
|---|---|
| 2020-21 | 389.92 |
| 2021-22 | 433.44 |
| 2022-23 | 187.92 |
| 2023-24 (अप्रैल-मार्च) | 261.97 |

(आंकड़ें लाख टन)

**आयात**

| वर्ष | आयात |
|---|---|
| 2020-21 | 0.8 |
| 2021-22 | 0.5 |
| 2022-23 | 0.4 |
| 2023-24 | 0.12 |

(आंकड़ें मिलियन टन)

**भंडारण**

| वर्ष | क्षमता | भंडारण |
|---|---|---|
| 2020-21 | 81.30 | 27.50 |
| 2021-22 | 81.30 | 29.70 |
| 2022-23 | 81.30 | 31.00 |

(आंकड़ें मिलियन टन)

**निर्यात**

| वर्ष | निर्यात | मूल्य |
|---|---|---|
| 2020-21 | 2.2 | 0.62 |
| 2021-22 | 7.85 | 2.12 |
| 2022-23 | 3.52 | 0.98 |
| 2023-24 | 1 | 1.5 |

(निर्यात मिलियन टन में, वहीं मूल्य बिलियन अमेरिकी डालर में)

● नोट :- यह डेटा विभिन्न स्रोतों से संकलित किया गया है और वर्ष के आधार पर बदल सकता है। यह जानकारी सरकारी रिपोर्टों, कृषि विभाग, और अन्य संबंधित एजेंसियों से प्राप्त की गई है।

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 910 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030। किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400 । चीनी - डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070 (नयी), बहेड़ी 4080 ( नयी )।

### सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 900 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,250 |
| चांदी आभूषण | 91,000 |

## इरेडा ने बॉण्ड के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने बॉण्ड के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस बॉण्ड को 2.65 गुना अभिदान मिला। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि बॉण्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। बॉण्ड का आकार 500 करोड़ रुपये का था जबकि अधिक अभिदान आने पर 1,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बोली रखने का विकल्प रखा गया था।

# अर्थशास्त्रियों, एमएसएमई व कृषि संगठनों संग बजट को लेकर चर्चा

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज



● वित्त राज्य मंत्री सचिव, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में हुए शामिल

चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

## 1.5 करोड़ तक के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

● जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का दिया सुझाव

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वैश्विक व्यापार अनुसंधान निकाय ने कहा कि राज्य के भीतर आपूर्ति की अधिकता से पता चलता है कि अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी नियमों को सरल बनाने की जरूरत है। जीटीआरआई ने 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट की सीमा को मौजूदा 40 लाख रुपये से बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

# चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

### गिरावट का इतिहास पर डरने की नहीं बात



आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। सेंसेक्स 106.81 अंक यानि 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645.30 और निफ़्टी 28.25 अंक यानि 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

### 7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

### कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

# खाद्य महंगाई से खुदरा मुद्रास्फीति में कमी की रफ्तार सुस्त

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने नीतिगत दर पर फैसले के समय कहा था कि समग्र खुदरा मुद्रास्फीति में धीमी रफ्तार से गिरावट के लिए खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें जिम्मेदार हैं। शुक्रवार को जारी बैठक के विवरण से यह तथ्य सामने आया।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की जून की शुरुआत में हुई बैठक में लगातार आठवीं बार मानक ब्याज दर रेपो को 6.25% पर बनाए रखने के पक्ष में बहुमत से फैसला किया था। समिति के चार सदस्य यथास्थिति के पक्ष में थे जबकि दो कटौती करना चाहते थे। एमपीसी



● नीतिगत दर पर फैसले के समय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कही थी ये बात

बैठक के विवरण के मुताबिक, बैठक में दास ने कहा था कि मुख्य खुदरा मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन इसकी गति धीमी है और मुद्रास्फीति में गिरावट का अंतिम चरण धीरे-धीरे और लंबा खिंचता जा रहा है। मुद्रास्फीति की धीमी रफ्तार के पीछे मुख्य कारक खाद्य मुद्रास्फीति है। आपूर्ति पक्ष से बार-बार आने वाले और एक-दूसरे पर हावी होने वाले झटके खाद्य मुद्रास्फीति में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य मानसून ही प्रमुख खाद्य वस्तुओं में मूल्य दबाव को कम कर सकता है। अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति अस्थायी और एक बार के लिए आरबीआई की लक्षित दर से नीचे जा सकती है।

### कृषि एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर



**नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः 7% एवं 7.02% पर स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे। कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में 7.02% रही। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## 40 साल में पहली बार ब्रिटेन में टाटा के कर्मचारी करेंगे हड़ताल

**लंदन।** ब्रिटेन में टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारी आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। ये हड़ताल वेल्स के पोर्ट टैलबोट और लैनवर्न में स्थित संयंत्रों में कंपनी की 2,800 कर्मचारियों की छंटनी और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने के विरोध में हो रही है। यूनाइट द यूनियन ने कहा कि यह 40 वर्षों में पहली बार है कि ब्रिटेन में टाटा स्टील यूके के संचालन को प्रभावित करने के उद्देश्य से हड़ताल की है। यूनियन ने नियमानुसार काम करना और ओवरटाइम प्रतिबंध लगाना शुरू किया था। यूनियन ने कहा कि टाटा के पोर्ट टैलबोट और लानवर्न में स्थित 1,500 कर्मचारी कंपनी की 2,800 नौकरियों में कटौती और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

# जमाखोरी रोकने को तुअर, चना दालों की भंडार सीमा तय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को जमाखोरी रोकने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस साल सितंबर तक तुअर और चना दालों पर भंडार सीमा लगा दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्र ने भंडार सीमा लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं, मिल मालिकों और आयातकों पर लागू होगी। इस कदम का मकसद



● थोक विक्रेताओं खुदरा विक्रेताओं बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं मिल मालिकों और आयातकों पर लागू होगा आदेश।

जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकना तथा तुअर और चना को उपभोक्ताओं की पहुंच में लाना है। निर्दिष्ट खाद्य पदार्थ (संशोधन) आदेश 2024 पर लाइसेंस आवश्यकताओं, भंडार सीमाओं और आवागमन प्रतिबंधों को हटाने का आदेश 21 जून, 2024 से तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इस आदेश के तहत, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 30 सितंबर 2024 तक अरहर और काबुली चना सहित चना के लिए भंडार सीमा तय की गई है। प्रत्येक दाल पर व्यक्तिगत रूप से लागू भंडार सीमा थोक विक्रेताओं के लिए 200 टन, खुदरा विक्रेताओं के लिए पांच टन और बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए डिपो पर 200 टन होगी। मिल मालिकों के लिए यह सीमा उत्पादन के अंतिम 3 महीने या वार्षिक क्षमता का 25%, जो भी अधिक हो होगी। आयातकों को सीमा शुल्क निकासी की तारीख से 45 दिनों से अधिक का आयातित भंडार नहीं रखना है।

## मांग-आपूर्ति में अंतर से अफ्रीकी एशियाई चाय उत्पादक चिंतित

**कोलकाता।** एशिया और अफ्रीका के चाय उत्पादक संघों ने मांग और आपूर्ति के वैश्विक अंतर होने पर चिंता जताई है और संतुलन की बहाली का आह्वान किया है। शुक्रवार को बागान मालिक संगठन के बयान में यह कहा गया। दुबई में हुई वैश्विक चाय उद्योग के अंशधारकों की बैठक में संघों ने गुणवत्ता और दीर्घकालिक स्थिरता के मुद्दे को भी संबोधित किया। भारतीय चाय संघ (आईटीए) के अध्यक्ष हेमंत बांगुर ने कहा कि वैश्विक चाय उद्योग, मांग-आपूर्ति में अंतर का सामना कर रहा है क्योंकि उत्पादन मांग से आगे निकल रहा है। आईटीए, पूर्वी अफ्रीकी व्यापार संघ, केन्या के चाय उत्पादकों और मलावी, बांग्लादेश और युगांडा के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

# हम उत्पादों के लिए मोदी जैसी गारंटी देते हैं : कश्मीरी उद्यमी

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के उद्यमियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि वे भी अपने उत्पादों के लिए 'मोदी की गारंटी' जैसी गारंटी देते हैं। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की दो दिवसीय यात्रा के दौरान स्टार्टअप में अच्छा काम करने वाले युवाओं ने उनसे बातचीत की। उनकी यात्रा शुक्रवार को यहां समाप्त हुई।

प्रधानमंत्री ने मोदी ने एक्स पर बातचीत का वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने लिखा है, कल श्रीनगर में मुझे जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अच्छा काम कर रहे हैं। बातचीत के मुख्य अंश यहां हैं। इस बातचीत में कई महिला उद्यमी भी शामिल



● जम्मू-कश्मीर में स्टार्टअप में अच्छा काम करने वाले युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी ने की बातचीत

थीं। एक महिला उद्यमी, जिनका स्टार्टअप पशुओं के लिए चारा और पोषक आहार तैयार करता है, ने प्रधानमंत्री को बताया कि उसके उत्पादों की संख्या 22 है। महिला उद्यमी ने मोदी से कहा कि उनके एक साल पुराने स्टार्टअप ने अब तक 500 टन चारा तैयार किया है और एक करोड़ रुपये कमाए हैं। जब मोदी ने उद्यमी से पूछा कि क्या वह अपनी पीएचडी को प्राथमिकता देगी या स्टार्टअप को, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह उनसे प्रेरित है और दोनों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के कचकूट गांव की माइक्रोबायोलॉजिस्ट शीला इमरान ने प्रधानमंत्री को बताया कि उनके गांव की महिलाएं बहुत कुशल हैं और वह हस्तशिल्प उत्पादों को बनाने के लिए उनके कौशल का उपयोग करती हैं। जब मोदी ने उनसे उत्पादों के विपणन के बारे में पूछा तो शीला ने कहा कि उनकी एक ई-कॉमर्स वेबसाइट है। एक अन्य उद्यमी ने कहा कि उन्होंने मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने से प्रेरणा लेकर ऑनलाइन शुरुआत की। जैम और शहद जैसे खाद्य उत्पाद बनाने वाले स्टार्टअप 'जस्ट ऑर्डर' के मालिक ने मोदी को बताया कि वे स्थानीय स्तर पर सामग्री खरीदते हैं। उद्यमी ने प्रधानमंत्री से कहा कि हम अपने उत्पादों के लिए मोदी की गारंटी जैसी गारंटी भी देते हैं। हम पैसे वापस करने की गारंटी देते हैं। लैवेंडर उत्पादों से जुड़े एक स्टार्टअप ने मोदी से कहा कि उनके साथ 2,500 किसान जुड़े हुए हैं और जब प्रधानमंत्री के मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम में लैवेंडर की खेती की संभावनाओं के बारे में बताया गया, तो उन्हें प्रोत्साहन मिला।

# जीएसटी परिषद की आज बैठक, ऑनलाइन गेमिंग और उर्वरक कर पर चर्चा सम्भव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जीएसटी से जुड़े मामलों की शीर्ष संस्था जीएसटी परिषद की आज शनिवार को होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और उर्वरक पर कर कम करने संबंधी संसदीय समिति की सिफारिश समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है।

केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे। यह बैठक आठ महीने के अंतराल के बाद हो रही है। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक

● केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री होंगे शामिल

सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी। बैठक में परिषद के पिछले निर्णयों के आधार पर जीएसटी की दर को युक्तिसंगत बनाने और कानूनों में संशोधन पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की प्रगति पर भी चर्चा होने की संभावना है। परिषद उर्वरक बनाने वाली कंपनियों और किसानों के हित में पोषक तत्वों और कच्चे माल पर जीएसटी घटाने के लिए फरवरी में रसायन और उर्वरक पर संसद की स्थायी समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर भी चर्चा कर सकती है। उर्वरकों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है जबकि सल्फ्यूरिक एसिड और अमोनिया जैसे कच्चे माल पर 18 प्रतिशत है। परिषद ऑनलाइन गेमिंग के पूरे मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय की समीक्षा कर सकती है। यह निर्णय एक अक्टूबर 2023 को लागू हुआ था। जुलाई और अगस्त की बैठकों में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को कर-योग्य दावों के रूप में शामिल करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी।



# डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

### पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।



## पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

# भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

## बांग्लादेश से मिल सकती है कड़ी टक्कर, भारतीय कोच को रोहित और कोहली से विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।



बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली।

एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

### बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

**नॉर्थ साउंड।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

## खेल डायरी

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी । अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

### वाणी कपूर की चेक लेडीज ओपन में मजबूत शुरुआत

**बेरॉन (चेक गणराज्य)।** भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाये तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है। अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

**नयी दिल्ली।** भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।


### श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

# दो नई गेंद के नियम पर हो विचार : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से सीमित प्रारूपों में दो नयी गेंद के नियम पर फिर से विचार करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए 'अनुचित' है।



आईसीसी ने अक्टूबर 2011 में एकदिवसीय मैचों में यह विशेष नियम लागू किया था। गंभीर ने यहां 'इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'राइज टू लीडरशिप' 'टॉक शो' के दौरान कहा कि एक चीज जो मैं निश्चित रूप से बदलना चाहूंगा वह है सफेद गेंद वाले प्रारूप में दो नयी गेंदों का उपयोग। कई विशेषज्ञों का मानना है कि दो नई गेंदों के उपयोग से अंगुली के स्पिनरों को नुकसान होता है और तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग की संभावना कम हो जाती। राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम के कोच बनने की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर ने कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए बहुत अनुचित है। इसीलिए वे अब सीमित ओवर में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेल पा रहे है। यह सही नहीं है।

### जब मैं नया था तो गंभीर ने किया मेरा मार्गदर्शन : अश्विन

**चेन्नई।** स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को गौतम गंभीर की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट 'फाइटर (हार ना मानने वाला)' और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में इस सलामी बल्लेबाज ने उनका हौसला बढ़ाया था। गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। अश्विन ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला के दौरान गंभीर के साथ अपनी बातचीत को याद किया। विश्व कप (2011) से पहले पहले दो वर्षों के दौरान मैं मैदान पर केवल ड्रिंक्स लेकर जाता था।

## बुमराह के आसपास भी नहीं है कोई गेंदबाज : मांजरेकर

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे है।

बुमराह ने अफगान के खिलाफ टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा कि कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाये। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिये। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।

# रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका जीता

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **आखिरी गेंद तक चला मैच सात रन से हारा इंग्लैंड**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ के ग्रुप दो मैच में शुक्रवार को यहां इंग्लैंड को सात रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक्स 53 और लियाम लिविंगस्टोन 33 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और कागिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरे अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डिकॉक (65) और डेविड मिलर (43) रनों की पारी खेली।अफ्रीका की टीम अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 86 रन जोड़े।

10वें ओवर में मोईन ने हेंड्रिक्स (19) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई। 12वें में आर्चर ने डिकॉक को आउट कर अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। डिकॉक ने 38 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (65) रनों की पारी खेली।



# अमेरिका से वेस्टइंडीज को मिल सकती है कड़ी टक्कर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

**टीमें : अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**यूरो कप 2024** | यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

# रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।



स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

### इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है।

# भारत टी-20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।










# दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

## आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

**न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी**

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।


न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

## एक नजर

### आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

**येरेवान।** आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

### इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

**लंदन/रोम।** इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

### दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा।

### लॉकहीड मार्टिन इकाइयों पर चीन का प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी विमानन निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के ताइवान के साथ हथियार सौदों पर हस्ताक्षर करने को लेकर उसने कंपनी, उसके कई व्यावसायिक इकाइयों और उसके तीन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कंपनी के ताइवान के साथ सहयोग ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

## हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को सजा

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही मानव तस्करी के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया। भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जिनमें से अधिकतर अशिक्षित भारतीय थे।

## चीन की आपत्तियां खारिज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की दलाई लामा से मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर जताई थी आपत्ति

भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को शुक्रवार को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की।

## भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

## भारत-पाकिस्तान में सीधी बातचीत हो : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा अमेरिका के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध

अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है और बातचीत की गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को अमेरिका महत्व देता है।



उन्होंने कहा, जैसा कि हमने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं और उसकी गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए, हमें नहीं। मिलर ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने में अमेरिका और पाकिस्तान की साझा रुचि है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा के मुद्दे पर उच्च स्तरीय आतंकवाद रोधी संवाद के जरिये पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं, इसमें कई आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल हैं...। मिलर ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में पाकिस्तानी नेताओं के साथ नियमित रूप से संवाद करते आ रहे हैं।

## कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

**पेशावर, एजेंसी**

- पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना
- भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

### इमरान की रिहाई की मांग के मद्देनजर धारा 144 लागू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनके समर्थकों की राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना का हवाला देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रांत में सात दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। पूरे प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे विरोध प्रदर्शन और लोगों के एक जगह जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। क्रिकेटर से नेता बने खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद उन पर करीब 200 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी ठहराया गया है।

## दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

**ओटावा, एजेंसी**

- उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

### इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।



### संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे,प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

**खगोल विज्ञान** कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

## बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।


कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

### जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

**नैनीताल :** जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।